संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -219 रविवार,11 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# शरद पवार ने पार्टी में किया बड़ा बदलाव

## सुप्रिया सुले,प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के नए कार्यकारी अध्यक्ष

**नईदिल्ली,10 जून 2023(ए)।** एनसीपी की आज 25 वीं वर्षगांठ मनाई गई। पवार ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बड़ा ऐलान किया है। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल दोनों को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

शरद पवार ने कुछ दिनों पहले एनसीपी के अध्यक्ष पद छोडऩे का ऐलान किया था। इसके बाद चर्चा होने लगी कि उनकी जगह कौन लेगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं की जिद के बाद पवार ने यह फैसला बदल दिया। लेकिन, आज उन्होंने एक तरह से अपने उत्तराधिकारी की घोषणा कर दी है।

24 साल जनता की सेवा करने का मौका मिला। कई राज्यों ने बीजेपी का सफाया कर दिया है, अब यह आपकी जिम्मेदारी है। सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। इसी के चलते शरद पवार ने अपील की थी कि एनसीपी कार्यकर्ता जमकर काम करें। इसके बाद उन्होंने अपना भाषण रोक दिया। लेकिन उन्होंने फिर बोलते हुए एनसीपी में अपनी जिम्मेदारियों का ऐलान किया है।




प्रफुल्ल पटेल को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, गोवा आदि राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद सुप्रिया सुले को भी पवार ने कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उन्हें महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील तटकरे राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र अवध को बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक का प्रभार दिया गया है।

### आखिर क्यों एनसीपीमें अजित पवार को नहीं दी गई नई जिम्मेदारी, पार्टी प्रमुख ने बताया ये कारण

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने पार्टी कमान सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को सौंप दी हैं। इस पर शरद पवार ने पार्टी के दो कार्यकारी अध्यक्ष होने का कारण बताया कि देश में स्थिति ऐसी है कि सभी राज्यों की जिम्मेदारी केवल एक व्यक्ति को देना गलत है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि पार्टी के दो कार्यकारी अध्यक्षों को नियुक्त करने का उनका फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए था कि एनसीपी के नेतृत्व टीम के पास देश भर में पार्टी के मामलों को देखने के लिए पर्याप्त हाथ हों।

वहीं, जब शरद पवार से ये पूछा गया कि क्या पटेल और सुले को नियुक्त करने का निर्णय उनके भतीजे अजीत पवार को अच्छा लगेगा? इस पर राकांपा प्रमुख ने कहा कि उनका भतीजा पहले से ही बहुत सारी जिम्मेदारियां संभाल रहा है। झ

अजीत पवार महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। शरद पवार ने एनसीपी की 24वीं स्थापना वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों कार्यकारी अध्यक्ष चुनने की घोषणा की।




# जलगांव में धारा 144 लागू

**» जलगांव के मंदिर में तोड़फोड़ के बाद हिंसक भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव,धारा 144 लागू**

**जलगांव ,10 जून 2023(ए)।** महाराष्ट्र के जलगांव के अमलनेरा दो समुदाय आपस में भिड़ गए। मारपीट और पत्थरबाजी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों से शांति की अपील की, पर उपद्रवी और उग्र हो गए। उन्होंने पुलिस की टीम पर पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। इलाके में धारा 144 लागू है. पुलिस की कई टीमें शहर की गलियों में गश्त कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, हिंसा में 4 पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मामूली विवाद में हिंसा शुरू हुई।

अमलनेरा में दीवार पर एक समुदाय के कुछ बच्चे पेशाब कर रहे थे, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया. शुरू में तो मामूली कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग हाथापाई करने लगे.मारपीट की घटना शुक्रवार रात 10 बजे के करीब हुई है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने अमलनेरा शहर से 34 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, अगले दो दिनों तक शहर में कर्फ्यू लगाया गया है. अब किसी तरह की शहर में कोई अप्रिय घटना की खबर नही है।

# इंडियन नेवी ने अरब सागर में दिखाई अपनी ताकत

**» 35 फाइटर जेट्स के साथ हेलिकॉप्टर-सबमरीन हुए शामिल**

**नई दिल्ली,10 जून 2023(ए)।** हिंद महासागर में चीन के बढ़ते दखल का मुकाबला करने के लिए इंडियन नेवी ने शनिवार को अरब सागर में सबसे बड़ी एक्सरसाइज की। इंडियन नेवी ने हाल के सालों में युद्ध कौशल के सबसे बड़े प्रदर्शनों से एक में अरब सागर में एक बड़ा अभियान चलाया, जिसमें दो विमानवाहक पोत और 35 से अधिक सीमावर्ती विमान शामिल हुए। इंडियन नेवी ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूगी के बीच यह बड़ा युद्धभ्यास किया है। नौसैनिक शक्ति का यह प्रदर्शन अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने, क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और समुद्री क्षेत्र में सहकारी साझेदारी को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



इंडियन नेवी के अधिकारियों ने आज शनिवार को बताया कि नौसेना के विमान वाहक पोत- आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत इस युद्ध अभ्यास के केंद्रबिंदु थे। यह हिंद महासागर और शक्ति-प्रक्षेपण को बढ़ाने की भारतीय नौसेना की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है। आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत'फ्लोटिंग सॉवरेन एयरफ़ील्ड' के रूप में काम करते हैं, जो मिग-29के फाइटर जेट्स, एमएच60आर, कामोव, सी किंग, चेतक और एएलएच हेलीकॉप्टरों सहित विमानों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए लॉन्च प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं ।




# गुजरात एटीएस को मिली बड़ी सफलता

**» आईएसआईएस मॉड्यूल का किया पर्दाफाश,महिला सहित 4 लोग गिरफ्तार**

**गांधीनगर,10 जून 2023 (ए)।** बड़ी खबर गुजरात से है। गुजरात एटीएस ने आतंकी संगठन आई एस आई एस के एक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। एटीएस ने एक महिला समेत 4 लोगों को पोरबंदर से गिरफ्तार किया है। जबकि एक और शख्स को पकड़ने के लिए कई टीमें छापेमारी कर रहीं हैं।

एटीएस ने बताया कि इस मामले में सुमेरा नाम की सूरत की एक महिला की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार किए गए चारों लोग आईएसआईएस के सक्रिय ग्रूप के सदस्य हैं। छापेमारी के दौरान गुजरात एटीएस को कई प्रतिबंधित चीजें मिली हैं। ये चारों आईएसआईएस के साथ जुड़ने के लिए भागने की फिराक में थे। ये सभी पिछले एक साल से एक दूसरे के संपर्क में थे और उनके सीमा पार के आकाओं के इशारों पर रेडिकलाइज हुए थे।

# पहलवानों ने दिया अल्टीमेटम

**» 15 जून के बाद फिर देंगे धरना**

**नई दिल्ली ,10 जून 2023(ए)।** भारत में एक बार फिर से पहलवानों का बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन शुरू होने वाला है। पहलवानों के समर्थन में शनिवार (10 जून) को हरियाणा के सोनीपत में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें फैसला हुआ कि 15 जून तक सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है तो आगे की रणनीति का ऐलान किया जाएगा। इसी बीच पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने महापंचायत में भारतीय कुश्ती महांसघ के निर्वतमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की।

### 15 जून के बाद फिर शुरू होगा आंदोलन

भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने सोनीपत में हुए महापंचायत में साफ कर दिया कि 15 जून के बाद हम बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर फिर से आंदोलन करेंगे। हमारा आंदोलन अभी जारी रहेगा. बजरंग पूनिया ने यह भी कहा कि बैठक में अपने समर्थकों के बीच सरकार के साथ हुई बातचीत का




लेखा- जोखा रखेंगे। महापंचायत में जो फैसला होगा उस पर चर्चा की जाएगी। साक्षी मलिक ने कहा, बृजभूषण सिंह बाहर रहेगा तो डर का माहौल बना रहेगा। हमें लोगों का समर्थन मिल रहा है। हम सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एशियन गेम्स तभी खेलेंगे जब ये सारा मुद्दा सुलझेगा।

### एशियन गेम्स में भाग लेने पर भी आया बड़ा बयान

वहीं भारत की ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोनीपत में आयोजित हुए महापंचायत में कहा कि हम एशियन गेम्स में तभी भाग लेंगे जब यह मामला पूरी तरह से सुलझ जाएगा। हमारी मानसिक स्थिति अभी क्या है आप नहीं समझ सकते हैं।

### सोनीपत में महापंचायत का आयोजन

महापंचायत शुरू होने से पहले पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, ÷सरकार के साथ जो बातचीत हम करके आए हैं उसे हम अपने बीच में ही रखेंगे। जो हमारे समर्थन में खड़ी हैं, चाहे वह कोई संगठन हो या खाप पंचायत हो उनके सामने हम यह बातचीत रखेंगे। खिलाड़ी खाप पंचायतों से चर्चा के बाद ही आगे की रणनीति तय करेंगे। पहलवानों के समर्थन में इससे पहले यूपी के मुजफ्फरनगर और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में भी खाप महापंचायत हुई थी।

### पीएम के खिलाफ अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने के

# आरोपी को जमानत देने से किया इनकार




**अहमदाबाद ,10 जून 2023(ए)।** गुजरात हाईकोर्ट ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोपी अफसलभाई कसमभाई लखानी की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति निरजार देसाई की अध्यक्षता वाली एकल-न्यायाधीश पीठ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री को पंसद या नापसंद करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उनके खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक भाषा का उपयोग करना अनुचित है। न्यायमूर्ति देसाई ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी व्यक्ति को पसंद या नापसंद करने का अधिकार है, लेकिन यह उसे प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अपमानजनक या अपमानजनक भाषा का उपयोग करने का अधिकार नहीं है। इसलिए इस अदालात द्वारा केवल सामान्य टिप्पणियां की जाती हैं। जस्टिस देसाई ने कहा कि लखानी की पोस्ट सामाजिक शांति को भंग करने की सामग्री थी। उनकी पोस्ट में न केवल पीएम और उनकी दिवंगत मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी थी, बल्कि पोर्नोग्राफी और अश्लील सामग्री भी शामिल थी।

अदालत ने आगे कहा कि लखानी ने पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोधी सामग्री साझा की थी जो सांप्रदायिक कलह और सामाजिक अशांति को भड़का सकती थी।

न्यायमूर्ति देसाई ने कहा कि पोस्ट में प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली भाषा अत्यधिक अपमानजनक थी कि उनका उल्लेख अपने आर्डर में नहीं कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्ट एजेंडा से प्रेरित प्रतीत होती हैं। यहां तक कि अगर अपराध के लिए अधिकतम पांच साल की सजा पर विचार किया जाता है, तो मुझे जमानत देने के लिए कोई बाध्यकारी कारण नहीं मिलता है।

# दिल्ली की कोर्ट ने 2020 दंगों के मामले में नूर मोहम्मद को किया बरी

**नई दिल्ली ,10 जून 2023(ए)।** यहां की एक अदालत ने 2020 के उत्तरी-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में एक शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी की पहचान करने का झूठा दावा करने के कारण दिल्ली पुलिस की खिंचाई की है, जबकि आरोपी नूर मोहम्मद को दंगा और गैरकानूनी जमावड़ा संबंधित अपराधों से बरी कर दिया है। अदालत ने एक पुलिस गवाह की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, उसका बयान झूठा और देर से लिया गया लगता है।

कड़कड़डूमा कोर्ट के मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट शिरीष अग्रवाल ने कहा, तथ्य यह है कि पुलिस ने शिकायतकर्ता को एक गवाह के रूप में गलत तरीके से उद्धत किया है, जो इंगित करता है कि अभियोजन पक्ष का यह कहना कि नूर मोहम्मद ने अपराध किया था, झूठ है।




न्यायाधीश ने एक हेड कांस्टेबल द्वारा नूर मोहम्मद की पहचान के बारे में भी संदेह जताया और कहा कि हेड कांस्टेबल का यह दावा भी सही नहीं लगता कि वह दंगे का चश्मदीद था।

अदालत ने अपराध को देखने के बावजूद कार्रवाई करने या सबूत पेश करने में हेड कांस्टेबल की विफलता पर रोशनी डाली।न्यायाधीश ने कहा, जब दंगा और लूटपाट हो रहा था तो पुलिस अधिकारी को भीड़ को रोकने का प्रयास करना चाहिए था, जबकि वह मूक दर्शक के रूप में वहां खड़ा था। इस पर गवाह द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। पुलिस अधिकारी खड़े होकर सिर्फ देख रहा था और घटना हो जाने का प्रतीक्षा कर रहा था। उसने अपराध किए जाने का वीडियो बनाना भी उचित नहीं समझा।

# मणिपुर हिंसा पर आपकी चुप्पी लोगों के जले पर नमक छिड़क रही है

**नई दिल्ली ,10 जून 2023(ए)।** केंद्र द्वारा शनिवार को मणिपुर के लिए राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन की घोषणा के बाद कांग्रेस ने राज्य में हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अडिग चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि यह लोगों के घावों पर नमक छिड़क रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, नरेंद्र मोदी जी, 3 मई 2023 को मणिपुर में सबसे पहले हिंसा भड़की। आपको केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) को राज्य भेजने में लगभग एक महीना लग गया। गृह मंत्री के जाने के आठ दिन बाद भी मणिपुर में हिंसा जारी है। पूर्वोत्तर भारत के लिए तथाकथित एक्ट ईस्ट नीति के समर्थक के नाते मणिपुर में हिंसा पर आपकी



अडिग चुप्पी लोगों के घावों पर नमक छिड़कने जैसी है। प्रधानमंत्री के रूप में कम से कम आप शांति की अपील तो कर सकते थे। आपने मणिपुर को धोखा दिया है।

इससे कुछ ही देर पहले गृह मंत्रालय ने यहां कहा था कि सरकार ने मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में मणिपुर में एक शांति समिति का गठन किया है।

# उत्तरप्रदेश में आरोपियों ने किशोरी की कर दी बेरहमी से हत्या

**» दरिंदों ने हाथों में ठोकी कील,निकाल लीं आंखें**

**फिरोजाबाद,10 जून 2023 (ए)।** यूपी के फिरोजाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक किशोरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात को इस तरह अंजाम दिया गया जिसे देखकर हर किसी के पैरों तले ज़मीन खिसक जाए। किशोरी की हत्या कर उसके हाथों में कील ठोंकी गई और आंखें भी निकाल ली गईं। शव अर्धनग्न हालात में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10वीं छात्रा शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले समझा गांव में ही किसी के घर होगी। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता




हुई। परिजनों ने गांव में पड़ोसियों, उसकी सहेलियों आदि से जानकारी ली, लेकिन उसका कहीं पता नही चला। परिजन रातभर उसकी हर संभव स्थान पर तलाश करते रहे। सुबह के समय एक ग्रामीण शौच के लिए खेत पर गया, तो चरी के खेत में उसका शव पड़ा देख चीखता हुआ गांव पहुंचा। उसने परिजनों को खेत में किशोरी का शव पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। हाथों में कील ठोंकी गईं और उसकी आंखें भी निकाल ली गईं।

पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि किशोरी की गला दबाकर हत्या की गई है। फिलहाल अभी जांच जारी है।

संपादकीय

# कांग्रेस और आप में खुली लड़ाई

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों एक तरफ विपक्षी गठबंधन बनाने और उसमें साथ रहने की बात भी कर रहे हैं और दूसरी ओर खुलेआम लड़ाई भी कर रहे हैं। बिहार में 23 जून को विपक्षी पार्टियों की एक बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कहा जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनों शामिल होंगे। उसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अऱविंद केजरीवाल को भी हिस्सा लेना है। इस बीच केजरीवाल की पार्टी ने कांग्रेस के ऊपर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारियों के बीच आप ने कांग्रेस पर एजेंडा चुराने और विफल हो जाने का आरोप लगाया है।

आम आदमी पार्टी के ट्विटर हैंडल से एक ट्विट किया गया, जिसमें मुफ्त की चीजें देने के मामले में कांग्रेस का मजाक उड़ाया गया है। आप ने हिमाचल प्रदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी का एजेंडा कॉपी करके मुफ्त की बिजली देने का ऐलान तो कर दिया लेकिन अब समझ में नहीं आ रहा है उस पर कैसे अमल करें। आप ने प्रचार किया है कि कांग्रेस उसका एजेंडा चुरा कर लागू तो कर रही है लेकिन उसमें सफल नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर भाजपा भी इसका मुद्दा बना रही है। गौरतलब है कि हिमाचल में बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है लेकिन उसका मुफ्त की चीजों से लेना देना नहीं है क्योंकि कांग्रेस को सरकार बनाए अभी सात महीने हुए हैं। केंद्र द्वारा कर्ज लेने की सीमा घटाए जाने से संकट पैदा हुआ है। पर किसी भी बहाने आम आदमी पार्टी कांग्रेस से लड़ रही है।

# स्कूल की चारदीवारी में मासूम का शोषण

हैरत की बात है कि स्कूलों में बच्चे सुरक्षित नहीं हैं, मगर इसे लेकर कहीं कोई बात नहीं होती। उनके साथ और जो कुछ हो रहा है, उसको तो जाने ही दें। पर स्कूल की चारदिवारी में मासूमों के शोषण को लेकर लगातार लापरवाही बरती जाती है। अयोध्या के नामी स्कूल सनबीम की छात्रा के साथ हुई दरिंदगी पर गजब की चुप्पी बनी रही। पंद्रह साल की इस बच्ची का स्कूल बिल्डिंग से गिरते हुए वीडियो वायरल हुआ। स्कूल ने शुरुआत में पिता को फोन कर कहा वह झूले से गिरने के कारण चुटहिल हो गई है । पोस्टमार्टम से खुलासा हुआ, उसका गैंग रेप हुआ था। परिवार के अनुसार, प्राचार्या रश्मि भाटिया ने छात्रा को फोन करके स्कूल बुलाया था। स्कूल प्रबंधक बृजेश यादव व खेल टीचर अभिषेक कनौजिया ने बलात्कार किया। उधर हैदराबाद के नालगोंडा जिले की 16 साल की छात्रा के मित्र ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर रेप किया। इससे कुछ ही रोज पहले कौशांबी जिले में तेरह साल की छात्रा का स्कूल से लौटते हुए रेप किया गया। दो हफ्ते पहले ग्रेटर नोएडा की शिव नाडार यूनिवर्सिटी में अनुज ने अपनी दोस्त स्नेहा की गोली मार कर खुद को भी गोली मार ली। अप्रैल मध्य में मुजफ्फरपुर जिले के स्कूल में तीन साल की बच्ची का दस साल के लड़के ने वलात्कार किया। दस साल का बच्चा भी बलात्कारी हो सकता है, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह मामला सिर्फ दिल दहलाऊ नहीं है। बल्कि इसे खतरे की घण्टी मान लेना चाहिए। इसी माह महाराष्ट्र स्कूल के में नागपुर टीचर ने बारह साल की छात्रा का रेप किया। इससे कुछ ही समय पूर्व दिल्ली में जौनपुर के अजय कुमार ने पांचवीं क्लास की बच्ची का रेप किया। यह स्कूल एमसीडी का है, आरोपी 54 साल का । ये इनी-गिनी घटनाएं महीने - दो महीने की ही हैं। जिन पर कहीं कोई बवेला नहीं हुआ। किसी का खून नहीं खौला । दरिंदगी आलम यह है कि हर रोज अखबारों के पन्नों में प्रकाशित होने वाली ये अनचाही खबरें छोटी सी जगह लेती हैं। इन्हें नजरखेंचूं तभी बनाया जाता है, जब घटना में खास तरह की दरिंदगी शामिल हो । सार्वजनिक जगहों, पास-पड़ोस में तो बलात्कार हो ही रहे हैं। उनके अलावा स्कूलों व कॉलेज परिसर में सुरक्षा न के बराबर है। खासकर छोटे बच्चों के स्कूलों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए वे जिम्मेदार क्यों नहीं हैं। वह भी तब, जबकि खुद स्कूल प्रबंधन व कर्मचारी उसमें लिप्त हों। मासूम बच्चों के साथ होने वाली छेड़छाड़, व्यभिचार व इधर-उधर हाथ लगाने, सहलाने, गलत तरीके से पकडने़ वाली ढेरों घटनाओं का तो कभी अंदाजा भी नहीं लगाया जाता। जबकि खुद को सुरक्षित रखने के गुर स्कूलों में ही सिखाने चाहिए। घर या बाहर तो मां-बाप सतर्कता वरतते हैं। बल्कि कई दफा वे अपने मासूम बच्चे की सुरक्षा की फिक्र में खुद ही मानसिक तौर पर बीमार हो जाते हैं। जिन्हें हैलीकापटर मॉम कह कर उपहास तक किया जाता है। इन या इस तरह के किसी भी मामले में आरोपी को स्कूल से निलंबित करने की खानापूर्ति कर दी जायेगी। कुछ समय तक मामले को ढंकने- मूंद का काम चलेगा। मगर इन्हें मूल रूप से नैतिक जिम्मेदार कब बनाये जायेगा। जब हम अपने मासूम बच्चे को स्कूल के विशाल व मजबूत नजर आने वाले गेट के भीतर छोड़ते हैं। उसके बाद हमें पता भी नहीं चलता कि भीतर उसके साथ क्या घट रहा है। उसी स्कूल के भीतर जाने के लिए इतनी खानापूर्ति करनी होती है कि सिर चकरा जाये। बच्चों के प्रति शिक्षण संस्थानों को जिम्मेदार बनाना ही होगा। यह कह कर संस्थान नहीं बच सकते कि उनका कर्मचारी या शिक्षक ही दोषी है। खासकर बहुत छोटे बच्चों के इर्द-गिर्द सिर्फ महिलाओं को ही काम पर लगाया जाना चाहिये। बच्चा ज्यों-ज्यों समझदार होता जाता है, उसे स्टेप वाइज गुड टच बैड टच का पाठ रटाया जाये । उसे बार-बार, चित्रों, फिल्मों, खिलौनों व आकृतियों द्वारा समझाया जाये । गोपन अंगों के बारे में बताएं। उन्हें विरोध करना और मां-बाप को ऐसी बातें बताने के लिए सहज होना सिखाना होगा। भयभीत रहने से या बच्चों को डराने से गलीज सोच रखने वालों को नहीं रोका जा सकता । व्यभिचारी या बलात्कारी की मंशा कभी न कभी झलकती है। इस पर परिवार व स्कूल दोनों को पैनी नजर रखनी चाहिये। किशोरवय में जाने वाले बच्चों को हैंडल करना तनिक दुष्कर है। उन्हें सेक्स एजुकेशन दी जाये। उनकी उत्सुकताओं, सवालों और तर्क को बेहद संतुलित ढंग से पूरा करना चाहिये । इन्टरनेट के इस दौर में सेक्स और जिस्मानी सम्बन्धों को ढांपने के प्रयास फिजूल हैं। सिर्फ कराटे सिखाने और विपरीतलिंगी से दूरी बनाये रखने के पाठों से काम नहीं बनना । परम्पराओं व दकियानूसी विचार को परे करके व्यावहारिक तौर पर चेतना होगा खासकर लड़कों को नयी सीख दी जाए। उन्हें बताया जाये स्त्री देह के प्रति जुगुप्सा या उसे जबरन हथियाने के नतीजे कितने खौफनाक हो सकते हैं। छेड़छाड़, व्यभिचार व रेप पर लगने वाली धाराएं व सजाएं भी बताई जाएं। लड़कियों से दोस्ती के मायने यह कतई नहीं है कि वह कब्जाई गयी वस्तु हो गयी । प्रेमिका को मारना, बदले की भावना से उस पर प्रहार, एसिड फेंकना, अपने ही प्रेम संबंध के क्षणों को सार्वजनिक प्लेटफार्मों पर डालना या डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले पुरुषों को सीख देनी जरूरी है। को-एड में पढने का मतलब एक-दूसरे को बेहतरी से जानना है। दुश्मनी गांठना नहीं। संबंध हमेशा सहमति से बनते हैं। कोई भी रिश्ता जबरन थोपा नहीं जा सकता।






**अजय दीक्षित**

## चिलमन


चिलमन से माहताब के
लगी चांदनी छलकने
ग़म भूल के हयात भी
लगी पल को चहकने ।
रौशन हुआ जब
चांद पे यूं अक्स तुम्हारा
चितवन से मिली चितवन,
नज़र लगी झुकने ।
दीदार हुआ आज यूं ,
फ़लक के चांद पे ,
होठों के तबस्सुम पे
शबनम लगी सजने।
आसमां पे छा गई जब सुरमई घटा,
लगे चांदनी के रुख़ से,
नकाब सरकने ।
बरसा दिया घटा ने,
कुछ आबे हयात यूं ,
ऐसे भीगा ये तन मन,
लगी रुह महकने ।



**पुष्पा स्वाती,** मुम्बई

## कायनात

तुम गुलसितां से आये हो
खिज़ां की बात लेकर
गुलों से लिपटी ओस पर
पत्थर की घात लेकर
दिन हिज वालें
हमने मर-मर के काटे सारे
फिर जाकर आये हैं
आप वस्ल की रात लेकर
सारी हयात गुज़री है
जब प्यासी ही हमारी
तब आप आये हैं
जनाब आब-ए-हयात लेकर
लबों पे हमने रक्खे सदा
गीत आप के ही
आप क्यूँ हमसे मिलते हैं
उदू की ज़ात लेकर
है नाम ज़िन्दगी का
चलते ही चले जाना
तो आओ चलें हम भी फिर
क़ायनात लेकर



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

# गलाकाट प्रतिस्पर्धा और छात्र आत्महत्या

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं, अब नामीगिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है।

कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।




डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। जहां तक छात्रों की बात है तो छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी दोषी हैं। दरअसल अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि ज्यादातर माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की क्षमता और अभिरूचि को सही ढ़ंग से नहीं समझ पाते और उनसे जरूरत से ज्यादा अपेक्षाएं रखते हुए परीक्षा के समय भी उनकी मनोदशा से अनभिज्ञ रहते हैं। कई मामलों में ऐसे छात्र जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव के कारण गलत कदम उठा बैठते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मानसिक दबाव से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका अभिभावकों, करीबी लोगों और शिक्षकों की ही हो सकती है, जो उन्हें सहानुभूतिपूर्वक समझाएं कि किसी भी असफलता से उनके जीवन का निर्धारण नहीं होता और हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी क्षमतानुसार मेहनत करके भी सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। हालांकि सरकार, सामाजिक संस्थाओं शिक्षण संस्थानों की ओर से हाल के वर्षों में छात्रों की काउंसलिंग के साथ उनकी पढ़ाई में मदद करने तथा जरूरत महसूस होने पर चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

# कांग्रेस लौटी धर्म निरपेक्षता के एजेंडे में!

कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के मसले पर दुविधा में थी। आजादी के बाद से वह जिस किस्म की धर्मनिरपेक्षता की प्रैक्टिस कर रही थी उसे लेकर वह संशय में थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद उसका विश्लेषण करने के लिए एके एंटनी की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी थी उसकी रिपोर्ट ने कांग्रेस को बदलने का रास्ता दिखाया था। एंटनी कमेटी ने कहा था कि कांग्रेस का मुस्लिमपरस्त दिखना या उस रूप में ब्रांड होना पार्टी के लिए घातक हो गया। उसके बाद ही राहुल को मोदी और कांग्रेस को भाजपा बनाने का अभियान शुरू हुआ था। कांग्रेस का एक धड़ा नरम हिंदुत्व की राजनीति बहुत दिन से करता रहा है। आज के समय में कांग्रेस के सबसे कट्टर धर्मनिरपेक्ष नेता भी 2002 के गुजरात दंगों के बाद हुए चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद 2003 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में नरम हिंदुत्व की राजनीति करने के पैरोकार थे। कह सकते हैं कि उस समय से ही कांग्रेस नरम हिंदुत्व और अपने ब्रांड के सेकुलरिज्म के बीच दुविधा में डोल रही थी। एंटनी कमेटी की रिपोर्ट ने कांग्रेस की दुविधा खत्म की थी और वह खुल कर हिंदू राजनीति करने लगी थी। इसी राजनीति के तहत राहुल गांधी को शिवभक्त ठहराने का नैरेटिव बनाया गया, जो कि वे हैं नहीं। वे केदारनाथ से लेकर कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर भी गए। उनको जनेऊधारी कौल ब्राह्मण बताया गया और दस जगह पूजा-पाठ कराए गए। भाजपा के राजनीतिक दांव से ही भाजपा को जवाब देने की रणनीति बनी। लेकिन उसमें कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे राहुल की छवि हास्यास्पद बन गई। मुस्लिम मतदाता भी कांग्रेस की बजाय दूसरी पार्टियों में अपना मसीहा खोजने लगे। गौर से देखें तो यही नौ साल का समय असदुद्दीन ओवैसी की कट्टरपंथी राजनीति के देश भर में विस्तार का समय है। मुस्लिम वोट के दम पर दूसरी प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हुईं या ओवैसी का आधार बढ़ा। कांग्रेस कमजोर होती गई। इससे कांग्रेस की राजनीति का ब्लूप्रिंट नहीं जाहिर होता है? इस ब्लूप्रिंट का पहला दांव है, पुरानी 'धर्मनिरपेक्ष' कांग्रेस की वापसी करानी है। दूसरा, दलित वोट वापस हासिल करना है और ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि कांग्रेस ने कद्दावर दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाया है और दूसरी ओर देश के सबसे बड़े हिस्से में दलित राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाली बहुजन समाज पार्टी हाशिए में चली गई है। कांग्रेस को इसका फायदा मिल सकता है।

**अजीत द्विवेदी**

## किनारा

यूँ जी रहा,लाख टूट-टूट के
बिखरा हूँ मैं।
मेरा जीवन कुन्दन,जल के निखरा हूँ मैं।
हर कदम पे साहस ने थामा है मन को,
एक नया संदेश पाया,जब भी गिरा हूँ मैं।
उम्र भर बगिया से मै फूल चुनता रहा,
इन काँटों के पास भी दो पल ठहरा हूँ मैं।
मुझे मत समझो तुमभी,कागज का फूल
ठुकरा के पछताओगे,सिक्का खरा हूँ मैं।
सीपीयाँ खोजने वालों,मोती की क्या पहचान,
पहाड़ी नदी नही,सागर सा गहरा हूँ मैं।
अपने लिए जीना,जीवन की रीत नही है,
जहाँ मिले दर्द पराये,वही से गुजरा हूँ मैं।
मुझे अपना लो,शायद तुम्हारे काम आऊँ,
जग को शीतल छावं दूँगा,पौधा हरा हूँ मैं।
मन बेकल रहा,मगर होश खोया नही,
न दुख से घबराया,न पीडा से डरा हूँ मैं।
मुझको दुख न हो,ऐसी तो कोई बात नही,
छुपे चाँद सा,दुख के सागर से उभरा हूँ मैं।
रूप को चाहने वालो,मन को भी पहचानो,
न मन का मैला हूँन नकली चेहरा हूँ मैं।
यूँ बाशिंदा हूँ मैं सागर के इन किनारों का,
मगर सागर कब तूफानों से डरा हूँ मैं।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## मौसम

जो हुआ करती थी पहले,
अब है वो बात नहीं
भावनाएं जो जुड़ी थी रिश्तों में,
खो गयी कहीं
औपचारिकता से हो गए
रिश्ते,अपनापन नहीं
पास होकर भी दूर हैं हम,
वो बातें खो गई कहीं
होने को सब कुछ है यहाँ,
पर लगता मन नहीं
बाहर पसरा हुआ है सन्नाटा,
अंदर है शोर कहीं
बहुत हैं बातें कहने को,
अब हिम्मत होती नहीं
हर बात पर बैठा हुआ है
मसला कहीं न कहीं
कैसा है ये साथ जहाँ
अब हाथों में हाथ नहीं?
अपना अपना कोना पकड़े,
घर खो गया कहीं
हर पल ये रुख बदले,
ऐसा मौसम देखा नहीं
प्यार मौसम ,गीतों की शाम,
गुम हो गई कहीं



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

## सुन्ना हे चौपाल

बबा बइठ चौपाल मा,
कत्था अबड़ सुनाय।
लोक गीत सुनलव सुघर,
सुर मा ओहर गाय।।
सीखौनी के गोठ ला,
हम सबला सीखाय।
बने-बने सब काज ला,
हमन कना करवाय।।
हाना ओहर जोंग के,
सबला कहे बताव।
जेन बताही गा सही,
मुर्रा लाडू पाव।।
लोक रंग तँय देख ले,
मन म ओखर हमाय।
दसहत्थी धोती पहिर,
ओहर नाच दिखाय।।
थुलथुल काया हो गये,
तभू ल चंगा आय।
लईकई जब हम करन,
लवड़ी धरे कुदाय।।
हमर खेल ला देख के,
लइका ओ बन जाय।
बबा थके ता देख लव,
छइहाँ बइठ थिराय।।
पूछे सबके हाल ला,
संगी ओखर आय।
जान सबो सुख दुक्ख ला,
धीरज देख धराय।।
सुन्ना हे चौपाल अब,
कोनो नइ तो आय।
उड़त हँवय कचरा इहाँ,
घर मा सब ठुलियाय।।
नाती नतनिन हा घलो,
कहे बबा सठियाय।
गुनत-सुनत सबला बबा,
मन ओखर रो जाय।।
देखव गा चौपाल के,
उखड़े सादा रंग।
आज बबा के बिन इहाँ,
होगे सब बेढंग।।



**संतोष मिरी हेम**
कोरबा (छत्तीसगढ़)

## बिल्ली की सूझबूझ

एक खंडहर में एक बिल्ली रहती थी। उसके तीन बच्चे थे। बड़े मासूम और प्यारे बच्चे। सभी बच्चे चलना सीख गये थे। जिधर बिल्ली जाती; पीछे-पीछे उसके बच्चे। बिल्ली उन्हें देख कर खुश रहती थी। बड़े लाड़-प्यार से वह अपने बच्चों की परवरिश कर रही थी।

एक दिन खंडहर में एक कुत्ता घुस गया। बिल्ली और उसके बच्चे को देखकर कुत्ते के मुँह में पानी आ गया। भौं-भौं करने लगा। बिल्ली झट से अपने बच्चों को इधर-उधर छुपा दी। स्वयं एक ऊँची दीवार पर बैठ गयी। कुत्ता कुछ नहीं कर पाया। अपना सा मुँह लटकाये वहाँ से खिसक गया। आज बिल्ली अपने बच्चों की जान बचा ली।

खंडहर से चले जाने के बाद कुत्ते का ध्यान हमेशा बिल्ली व उसके बच्चों की ओर ही लगा रहता था। वह ताक में था कि कब और कैसे मौका मिले और बिल्ली व उसके बच्चों को चट करे। बिल्ली को भी चिंता सताने लगी थी कि स्वयं और अपने बच्चों को उस धूर्त कुत्ते से कैसे बचाये। उसे लगता था कि वह कुत्ता कभी न कभी जरूर आयेगा।

एक दिन की बात है। सुबह दस-ग्यारह बजे का समय था। कुत्ते को अपना मनचाहा मौका मिल ही गया। दबे पाँव आया; और खंडहर में घुस गया। उस समय घर पर बिल्ली नहीं थी। कुत्ते की आहट पाते ही बच्चे फटाफट सबसे ऊँची दीवार पर चढ़ गये। उनके कलेजा काँप गये; माँ जो घर पर नहीं थी। म्याऊँ-म्याऊँ शुरू हो गया। कुत्ता इधर-उधर भाग-दौड़ करने लगा बच्चों को पकड़ने की फिराक में। मुँह खोल कर उन्हें घूरता; और कहता-आज तो मैं तुम्हें बिल्कुल नहीं छोड़ूँगा। मुझसे तुम तीनों नहीं बच पाओगे। तुम्हारी माँ भी घर में नहीं है; देखता हूँ तुम्हें कौन बचायेगा। दरवाजे पर पैर पसार कर बैठ गया। बच्चे डर के मारे चिल्लाने लगे।

थोड़ी देर बाद बिल्ली आ गयी। उछलकर अपने बच्चों के पास पहुँच गयी। उन्हें जीभ से सहलाती हुई बोली- ÷बच्चों ! अब मैं आ गयी। मत घबराओ।÷

मैं भी देखता हूँ कि आज तुम और तुम्हारे बच्चे मुझसे कैसे बचोगे। बिल्ली की बात सुन कुत्ता गुर्राया।

क्या कर लेगा धूर्त ! आखिर हमने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है कि हाथ धोकर हमारे पीछे पड़े हो। किसी को सताना अच्छी बात नहीं है। बहुत बुरा कर रहे हो तुम हमारे साथ। इसका परिणाम तुम्हें अवश्य मिलेगा। जैसी करनी वैसा फल, आज नहीं तो निश्चय कल। आँखें तरेरती हुई बिल्ली बोली।

कुत्ता दरवाजे पर खूँटा गाड़कर बैठ गया। उसने डुमन में ठान लिया था कि आज वह बिल्ली व उसके बच्चों का काम तमाम करके ही रहेगा। वह उन्हें ललचायी आँखों से देख रहा था।

कुत्ता दरवाजे पर खूँटा गाड़कर बैठ गया। उसने मन में ठान लिया था कि आज वह बिल्ली व उसके बच्चे का काम तमाम करके ही रहेगा। वह उन्हें ललचायी आँखों से देख रहा था। बिल्ली अपने बच्चों को लेकर सबसे ऊँची दीवार पर हिम्मत बटोरे बैठी थी। उसके दिमाग में एक ही बात चल रही थी कि उन्हें कुत्ते से कैसे छुटकारा मिले। तभी उसकी नजर खंडहर के पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों पर पड़ी। एक बच्चे बैट से बाल को जोर से मारा। बाल लुढ़कते हुए खंडहर के पास आ गया। बिल्ली के दिमाग में एक युक्ति आयी। तुरंत उसने कुत्ते से नजर बचाकर बाल को मुँह में दबा लिया। दीवार पर चढ़ कर कुत्ते के पास गिरा दिया। कुत्ता कुछ समझ नहीं पाया। बच्चों ने बिल्ली को बाल पकड़ते हुए देख लिया। वे स्टम्प व बैट पकड़ कर खंडहर की ओर दौड़ कर आये। खंडहर को झाँककर देखा। बिल्ली नहीं दिखी। कुत्ता ही दिखा। इस बार भी कुत्ते को कुछ समझ नहीं आया। बच्चों को देख कर वह भौंकने लगा। बच्चों को भी तो अपना बाल लेना था। उन्होंने आव देखा न ताव। कुत्ते पर टूट पड़े। दे दनादन दन शुरू। कुत्ते को अपना प्राण बचाना उचित लगा। कैं...कैं...कैं...करते हुए वहाँ से दुम दबा कर भागा। बच्चे अपना बाल लेकर चले गये। बिल्ली व उसके बच्चे दीवार पर बैठे सारा दृश्य देख रहे थे। वे बहुत खुश थे।

आखिर आज बिल्ली की सूझबूझ काम आयी। उस दिन से कुत्ता खंडहर की ओर मुड़कर तक नहीं देखा। बिल्ली अपने बच्चों को लेकर खंडहर में सुखचैन से रहने लगी।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## परम्परा

### चउक पुरना समृद्धि के प्रतीक,हमर... सनातन परम्परा आय

चौक पूरे के परम्परा हमर छत्तीसगढ़ म प्राचीन काल से चले आथे।जेला एक तरह से सनातन परम्परा कहे जा सकत हे।इही परम्परा ल जीवंत करत हमर गाँव-गाँव म विभिन्न प्रकार के धार्मिक अवसर सुख-दुख म किसम-किसम के चउक पूरे जाथे।ए चौक पूरे के पाछू म कुछू न कुछू कारण जरूर होथे।जेला हमर गाँव के जन मानस मन बहुत ही श्रद्धा,विश्वास के साथ पालन करथें।अउ अपन सामाजिक, धार्मिक कारज ल सम्पन्न करथें।

भारत के प्रांत म एकर अलग अलग नाम हावय

उत्तरप्रदेश म एला चौक पुरना,राजस्थान म मांडना, बिहार म अरिपन, बंगाल म अल्पना, महाराष्ट्र म रंगोली, कर्नाटक म रंगवल्ली, तमिलनाडु म कोल्लम, उत्तरांचल म ऐपण, आंध्र प्रदेश म मुगु या मुग्गुलु, हिमाचल प्रदेश म ÷अदूपना÷,कुमाऊं म लिखथाप या थापा,त केरल म कोलम कहे जाथे।अउ ए तरह से एला प्राचीन सांस्कृतिक लोक परम्परा के धरोहर कहे जा सकत हे।

एकर निहित भावना अउ संस्कृति म समानता-

वईसे तो ए चउक पुरना हर सम्मक भारत म देखे जा सकत हे लेकिन एकर नाम ल अलग-अलग माने जाथे।एकर बनावट म शैली म अंतर हे।पर एकर पाछू म जो सांस्कृतिक भावना हे ओमा पुरा-पुरा समानता हे।इही सांस्कृतिक भावना ह हमर एकता के पहिचान आय।

चउक पूरे के लिए चाऊर,धान,या रंग के प्रयोग-

वईसे तो चउक पूरे के लिए किसम-किसम के रंग-रोगन के उपयोग करे जाथे।अउ एहर अब धीरे-धीरे आधुनिकता के प्रभाव से प्रेरित होत जात हे।पर हमर छत्तीसगढ़ के गाँव देहात म

हमर सुख-दुख के संगवारी,हमर समृद्धि के प्रतीक,हमर जीवन के आधार,हमर धरोहर धान, चाउर, पिसान,चाउर के रेहना (कच्चा चाउर के घोल) से ही पारम्परिक चीज ले चउक पुरे जाथे।एकर अलावा सिंदूर,रोली, हरदी,के भी प्रयोग होथे।

अउ एमन से ही हमर जम्मो सुख-दुख के कारज ल पूर्ण करे जाथे।

शुभ कारज म भूमि के शुद्धीकरण समृद्धि के प्रतीक-

चउक पुरना हर एक प्रकार से धरती माता के सम्मान करना आय,धरती माता के शुद्धीकरण करना आय।अइसे विश्वास हे की एकर से घर परिवार म सुख समृद्धि के वास होथे।एकरे सेती घर आंगन डेहरी आदि के एक निश्चित ठउर म चउक पूरे जाथे।अउ उही जगह फेर धार्मिक, सामाजिक कारज के जग्य ल पुरन करे जाथे।

प्राचीन काल म ए विश्वास रिस हे कि ए कलात्मक चित्रन अर्थात चउक हर धन-धान्य ल पूरन करथे।जेमा एकतरह से चमत्कारिक प्रभाव होथे जेहर सदा सुख-समृद्धि के बढ़ोतरी करथे।

नित-नवीनता के सृजन अउ सकारात्मक शक्ति के आवाहन-

ए चउक पुरना हर नित नवीनता अउ सकारात्मक शक्ति के आवाहन करना आय।एमा लक्ष्मी,कमल फुल स्वस्तिक आदि के प्रतीक चिन्ह बनाय जाथे।एकर प्रभाव से घर

परिवार म समृद्धि बने रहिथे अउ सदा मंगल होत रहिथे।एक तरह से एला बनाय ले घर म सकारात्मक शक्ति के संचार होथे अउ नकारात्मक शक्ति हर घर म प्रवेश नई कर सकय। ए प्रकार से कहे जा सकत हे की चउक पुरना हमर सांस्कृतिक,धार्मिक सामाजिक एकता अउ समृद्धि के परिचायक आय जेला आज भी हमन गाँव के लोक जीवन म देख सकत हन।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायन छत्तीसगढ़

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मोदी सरकार ने सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्षों में देश की तस्वीर बदल दी : कुलस्ते

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्षों में देश की तस्वीर बदल दी है केंद्रीय इस्पात व गरीब कल्याण राज्य मंत्री फगन सिंह कुलस्ते ने अपने एक दिवसीय प्रवास में आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में सोशल मीडिया मीट 2023 के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बात कही। आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने न केवल देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया बल्कि बिना भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों को विकास के लिए भरपूर राशि उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पिछड़े आदिवासी वर्ग की उन्नति के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने 15,000 करोड़ का बजट एक मुश्त उपलब्ध कराया। मोदी सरकार ने गरीब, मजदूर, किसान, महिला, युवा, बच्चे, दिव्यांग तथा बुजुर्ग सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाकर इस काम को सेवा भाव से परिणाम तक पहुंचाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में अद्भुत व एतिहासिक काम किया है, मोदी सरकार की कार्यकुशलता से भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन बीजेपी सोशल मीडिया कार्यक्रम प्रभारी राकेश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर संपर्क से समर्थन लोकसभा सह प्रभारी अजय गोयल, बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, प्रबोध मिंज, भारत सिंह सिसोदिया, अंबिकेश केशरी, हरपाल सिंह भामरा, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, मुकेश गर्ग, आलोक दुबे ,मंजूषा भगत, विनीत गुप्ता, अरुणा सिंह, किरण सिंह, प्रियंका चौबे, अजय प्रताप सिंह, शरद सिन्हा , सक्षम गुप्ता, अजय सिंह, सर्वेश तिवारी ,अनामिका पैकरा, इन्दर भगत, निशांत सिंह, संजीव वर्मा, विकास शुक्ला, भूपेश यादव, रोहित गुप्ता, पूनम सिंह, हर्ष जायसवाल, वीर सोनी, अनुराग शुक्ला, रोहित कुशवाहा, धर्मेंद्र जायसवाल, तथा अंकित तिर्की सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# बीजेपी महिला मोर्चा नगर मंडल की कार्यकारिणी हुई घोषित



» नीलम अध्यक्ष प्रियंका व सरिता बनीं महामंत्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

भाजपा नगर मंडल अंबिकापुर अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला की अनुशंसा तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष फूलेस्वरी सिंह की सहमति से बीजेपी महिला मोर्चा की नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है, जिसमें नीलम राजवाड़े अध्यक्ष तथा प्रियंका चौबे व सरिता जायसवाल महामंत्री मनोनीत की गई। यह जानकारी देते हुए मंडल महामंत्री दीपक तोमर ने बताया कि कार्यकारिणी में संगीता सोनी, इंदु नेताम तथा पूनम सिंह उपाध्यक्ष, सीमा कश्यप, रेणु भारती तथा प्रतिमा साहू मंत्री बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त शालिनी सिंह कोषाध्यक्ष, लीना सोनी कार्यालय मंत्री, अंजली भगत सोशल मीडिया प्रभारी, तथा कार्यकारिणी सदस्य अंजूषा शर्मा, नीतू सिदार, संध्या चौबे, प्रियंका मिश्रा, नीतू बहरा, लक्ष्मी माली, बिना दुबे, राखी सोनी, कविता सिसोदिया, प्रीति सिंह, सुमन गोस्वामी, हेमलता शर्मा, पूजा नायक, जयंती तिवारी, दीपा केसरी सुमन यादव, मीना जयसवाल, निर्मला सिंह, फली सरकार बनाई गई हैं। बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई प्रेषित करते हुए महिला मोर्चा के मजबूती की कामना की है।

# शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने सरगुजा पुलिस का अभियान जारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन मे शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर कर जनसुविधा अनुरूप करने, मुख्य सड़को पर चारपाहिया वाहनो को बेतरतीब पार्किंग कर सड़क जाम करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर साइन बोर्ड, बैनर फ्लेक्स एवं सामान लगाकर पार्किंग को बाधित करने वाले संचालको पर सख्त कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व मे नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला , प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन के नेतृत्व मे यातायात पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त पुलिस टीम गत दिवस देर शाम शहर के मुख्य मार्ग घड़ी चौक से लेकर देवीगंज रोड, सदर रोड, स्कूल रोड पर संयुक्त कार्यवाही की गई। सुगम यातायात अभियान के तहत मुख्य सड़को पर चारपाहिया वाहनों को बेतरतीब पार्किंग करने वाले वाहन चालकों सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर बैनर फ्लेक्स एवं सामान लगाकर पार्किंग छेत्र को जाम करने वाले संचालको पर सख्ती के साथ चालानी कार्यवाही करते हुए बैनर फ्लेक्स बोर्ड को जप्त किया गया, साथ ही यातायात के नियमो का उल्लंघन कर अमानक साइलेंसर का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात कामता सिंह दीवान, सहायक उप निरीक्षक सचित श्रीवास्तव सहित यातायात शाखा के अधिकारी कर्मचारी, एवं नगर निगम की उड़ानदस्ता टीम शामिल रही।

# कांग्रेस के संभागीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

13 जून को होने वाले कांग्रेस के संभागीय सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को राजीव भवन में आयोजित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया है कि बैठक में संभाग के पांचों जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी सहित ब्लॉक अध्यक्ष एवं सरगुजा जिला कांग्रेस की कार्यकारणी के सदस्य मौजूद रहेंगे। इस बैठक में 13 जून को होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित होने वाले सत्र एवं उनसे जुडे मुद्दों को निर्धारित किया जायेगा। मिटिंग के दौरान सभी जिलाध्यक्षों के मध्य कार्य विभाजन पर चर्चा होगी। सभी जिलाध्यक्ष कल के उपरांत लगातार अम्बिकापुर में रहकर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे रहेंगे। संभागीय सम्मेलन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिला कांग्रेस की टीम जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में लगातार काम कर रही है। तैयारियों को लेकर प्रदेश प्रभारी एवं एआईसीसी सचिव डॉ चंदन यादव भी लगातार जिला कांगेस अध्यक्ष के संपर्क में हैं। तैयारियों एवं मिटिंग के मिनट्स को लेकर उनके द्वारा लगातार निर्देश दिया जा रहा है सम्मेलन-स्थल को पार्टी के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

### 12 जून से अतिथियों का आगमन

पीसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ चंदन यादव, प्रदेश महामंत्री रवि घोष प्रदेश कार्यकारणी के अधिकांश सदस्य 12 जून को अम्बिकापुर आ जायेंगे। इसी दिन डॉ. चंदन यादव कार्यक्रम स्थल एवं तैयारियों को लेकर प्रारंभिक जायजा भी लेंगे। एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव 13 जून को ही अम्बिकापुर आयेंगे। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ऑस्ट्रेलिया प्रवास से रविवार शाम को दिल्ली लौटेंगे। अतिथियों के रुकने के लिये सर्किट हाउस के साथ ही शहर के प्रमुख होटलों में कमरों की व्यवस्था की जा रही है।

# 69 वर्षीय वृद्ध की फांसी के फंदे पर झूलती मिली लाश,शादी की खुशी मातम में तब्दील,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
लखनपुर, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा में शनिवार की सुबह 69 वर्षीय वृद्ध की फांसी के फंदे पर झुलती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । घटना की सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और फांसी के फंदे पर लटके शव को ग्रामीणों की मदद से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवनाथ कंवर पिता स्वर्गीय सुधु कंवर उम्र 69 वर्ष ग्राम जजगा थाना लखनपुर निवासी 9 जून दिन शुक्रवार की शाम से बिना बताए कहीं चला गया था परिवारजनों के द्वारा खोजबीन की गई परंतु कुछ पता नहीं चला खोजबीन के दौरान 10 जून दिन शनिवार की सुबह घर से 2 किलोमीटर दूर आम पेड़ में शिवनाथ कंवर का फांसी के फंदे पर झूलते लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं शादी की खुशी मातम में बदल गई। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही सहायक उपनिरीक्षक अनवर अली पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि मृतक शिवनाथ कंवर पिछले 2 वर्षों से पथरी के बीमारी से परेशान था। घर में शादी का माहौल था। घरवालों को बिन बताए शिवनाथ कंवर शुक्रवार की शाम को घर से निकला था। शनिवार की सुबह शव मिलने से शादी की खुशी मातम में तब्दील हो गई। घटना के बाद से परिवारजनों में शोक व्याप्त है फिलहाल लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।





# जनपद उपाध्यक्ष ने समतलीकरण निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

- संवाददाता -
लखनपुर, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमगवा हाई स्कूल मैदान के समतलीकरण निर्माण कार्य का 10 जून दिन शनिवार को लखनपुर जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा स्थाई समिति अध्यक्ष अमित सिंहदेव ने किया विधिवत भूमि पूजन। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम जमगवा हाई स्कूल मैदान में जनपद मद के 2 लाख लागत राशि से होने वाले समतलीकरण निर्माण कार्य का जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा की स्थाई समिति अध्यक्ष अमित सिंहदेव ने विधिवत भूमि पूजन किया । इस दौरान स्थानीय बैगा ग्राम सरपंच सचिव व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# कवलगिरी में पेयजल की संकट हैंडपंप खनन कराए जाने की मांग

» लगभग 2 किलोमीटर दूर पानी लेने जाने मजबूर ग्रामीण



- संवाददाता -
लखनपुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के उदयपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कवलगिरी चीटकी पारा में लंबे समय से पानी की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं 2 किलोमीटर दूर ग्रामीणों को पानी लेने जाना पड़ रहा है जिससे अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सरपंच सचिव सहित जन समस्या निवारण मैं आवेदन देकर हैंडपंप खनन कराए जाने की मांग मई 2023 में की गई थी।परंतु अब तक हैंडपंप खनन कार्य नहीं सका जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। और 2 किलोमीटर दूर जाकर उन्हें पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों को अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भोलू महंत सहित अन्य ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पूर्व में हैंडपंप खनन किया गया था परंतु किसी कारण वश हैंडपंप से पानी नहीं निकला। और ग्रामीणों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराते हुए हैंडपंप खनन कराए जाने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों को पानी मिल सके और उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके।

# सोशल मीडिया में भूपेश सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा झूठ का सहारा ले रही है

- संवाददाता -
सूरजपुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की बौखलाहट सामने आने लगी है। सोशल मीडिया में भूपेश सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। सीबीआई और ईडी के छापेमारी में कुछ नहीं मिला तो झूठा प्रचार कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्याय शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि भाजपा के छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया ट्यिूटर में डाले गए सहचित्र पोस्ट भूपेश बघेल के आदर्श जिला कांकेर में भ्रष्टाचार का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार में हुए नान घोटाले और सीएम साहब की लाल डायरी को याद दिलाते हुए भाजपा पर करारा हमला बोला है। चाउर वाले बाबा डा. रमन सिंह को याद दिला दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एक हजार करोड़ का चावल घोटाला मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ था। भाजपा सरकार के समय वर्ष 2008-09 से वर्ष 2018 तक चावल घोटाला हुआ है। प्रदेशभर में करोड़ों का चावल घोटाला भाजपा सरकार ने कराया है। उन्होंने भाजपा के लोगों को याद दिलाते हुए कहा कि कांकेर में वर्ष 2016 में माह सितंबर, अक्टूबर और दिसम्बर में 10 प्रतिशत चावल अधिक आया था। उस चावल घोटाले का क्या हुआ? छत्तीसगढ़ के कई जिले में भाजपा के प्रतिनिधियों ने ही एक साथ चार पांच पीडीएस दुकानों को अपने परिवार के नाम एलाट कराया और करोड़ों का चावल डकार गए। भाजपा के लोग अपने चावल घोटाले को याद कर लें। करोड़ों के चावल घोटाले को कांग्रेस ने उजागर किया था। भाजपा के समय में चावल घोटाला हुआ, वहीं चावल आज भी पीडीएस के पोर्टल में दिखा रहा है। यह कांग्रेस सरकार के समय नहीं बल्कि भाजपा के समय का चावल घोटाला है। 60 हजार क्विंटल चावल पहले के पोर्टल में जो कम दिख रहा था वहीं आज भी दिख रहा है। प्रदेश में भाजपा के पास राजनीति का कोई मुद्दा नहीं बचा तो भूपेश सरकार एवं उनके कुशल प्रशासन को बदनाम करने झूठा आरोप लगा रहे हैं जो खोखली मानसिकता का परिचायक है। भाजपा सरकार के समय से ही पीडीएस दुकानों में शार्टेज चला आ रहा है। जो धीरे-धीरे बढ़कर अधिक हो गया है। वर्ष 2018 के विधानसभा के चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को विपक्ष के लायक नहीं छोड़ा है। वही हाल विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा के साथ होने वाला है। विधानसभा चुनाव पास आ रहा तो भाजपा को चावल घोटाला याद आ रहा है। भाजपा सरकार में अधिकारी एवं सत्ता पक्ष के मंत्री की मिलीभगत कर चावल घोटाले को अंजाम देते हुए कमीशन का खेल खेला गया था। भाजपा सरकार में राशन दुकानों में जहां ऑनलाइन एन्ट्री नहीं थी वहीं उसे कांग्रेस सरकार में पारदर्शी बनाने के लिए आनलाइन एन्ट्री किया गया है। भाजपा के भ्रष्टाचारियों को कांग्रेस सरकार का सही काम पसंद नहीं आ रहा है। भाजपा को अब छत्तीगसगढ़ में सत्ता नहीं मिलने वाली है।

# जिला मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में बांसुरी का मधुर धुन बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

ओंकार पांडेय
सूरजपुर, 10 जून 2023
(घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रो मे बांसुरी को मधुर धुन लोगो का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी आवाज सुनते लोग अनायास उस ओर खींचे चले जा रहे है। क्या बच्चे क्या युवा व बुर्जग सभी बासुरी की मधुरतान के इनदिनों मुरीद हो चुके है। बासुरी की धुन में अब भी उतना से दम है जितना पहले हुआ करता था। गंगा दशहरा पर लंबे समय से बासुरी बेंचने आ रहे सूरजपुर मो सेराज बासुरी बेच कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। इन दिनों इनकी बांसुरी की मीठी तान लोगो को आकर्षित कर रही है। बांसुरी की मधुर तान सभी आयु वर्ग के लोगो को घर से बाहर निकलने को विवश कर दे रही है। इससे छोटे बच्चे सबसे अधिक उत्साहित नजर आते है। पिछले 30 वर्ष से बिहार के मुज्जफरपुर से आकर लोगों को अपनी मधुर मुरली की आवाज से मंत्रमुग्गध करने वाले सेराज खान ने बताया कि इनका यह कारोबार इनकी पुस्तैनी है उनके पिता सरदार साह ने बांसुरी बनाने की कला उनके दादा से सीखी थी। वे भी लगभग 50 वर्षो से इस व्यवसाय को करते रहें हैं। बिहार प्रांत के मुज्जफरपुर से आये सेराज भाई ने बताया की वे गंगा दशहरा के दौरान प्रतिवर्ष यहां पहुंचते है और करीब 30 दिनों तक यहां रहकर अपना व्यवसाय करते है। मों सेराज ने बताया की इस धंधे से रोजी रोटी का साधन - बन जाता है। शहर में बासुरी के शौकीन आज भी है जिनके बदौलत उनका व्यवसाय टिका हुआ है। मो. सेराज अपने पिता, बड़े भाई, पुत्र व दो सहयोगी के साथ आए हुए है, और सुबह होते ही सभी लोग बांसुरी की मीठी धुन के साथ अपने- अपने व्यवसाय पर निकल जाते है। मप्र उडीसा बंगाल महाराष्ट्र सहित पडोसी देश नेपाल भी जाते है।

बांसुरी बजाना सिख रहे है बच्चे नगर में पहुंचे सेराज भाई बांसुरी बेचने के साथ साथ ही वे बासुरी बजाने की कला भी सिखाते है। जिससे बच्चे उनसे बांसुरी खरीदने के साथ बांसुरी बजाना भी सीख रहे है। बांसुरी बजाना स्वास्थ के लिए भी लाभ दायक डाक्टरों के मुताबिक बांसुरी बजाने से जहां उंगलियों की कसरत होती है वही मस्तिष्क श्वशन त्रंत्र के लिए भी लाभ दायक रहता है।



# गुम हुई महिला की तलाश कर पुलिस ने परिजनों को सौपा

- संवाददाता -
कुसमी, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने महिला संबंधी अपराध गुम इंसान में तत्परता से करवाही के निर्देश जिले के समस्त थाना एवं पुलिस चौकियों के प्रभारियों को दिए है,जिसके परिपालन में कोरंधा थाने क्षेत्र के धनेशपुर ग्राम के निवासी हबील लकड़ा नामक व्यक्ति थाने में विगत 5 जून को थाने आकर शिकायत दर्ज कराता है की उसकी पत्नी सुभद्रा लकड़ा 10 माह के बच्चे अंकुश के साथ घर से लापता हो गई है, वही कोरंधा थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह टेकाम ने मामले में गुम इंसान कायम कर मामले की जानकारी कुसमी एसडीओपी रितेश चौधरी को दी जिसपर एसडीओपी ने सरहदी इलाके से एक आदिवासी महिला की लापता होने पर संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल प्रधान आरक्षक अमोल कश्यप,आरक्षक शंकर सोनी,महिला आरक्षक रत्नी टोप्पो की टीम गठित कर महिला के रिश्तेदारों से पुछताछ करने के लिए निर्देशित किया था,और इसी बीच 10जून को महिला एक रिश्तेदार के पास मिली जहा पुलिस ने महिला से पुछा की क्यों घर छोड़कर चली गई थी तो महिला ने बताया कि उसके पति के साथ वाद विवाद हो गया था जिससे नाराज होकर महिला घर से अपने 10 माह के बच्चे के साथ चली गई थी, वही कुसमी एसडीओपी ने मामले को संवेदनशील समझते हुए महिला के पति हबिल लकड़ा एवं उनके रिश्तेदारों को बुलाकर काउंसलिंग कराया, वही रिश्तेदारों ने पति पत्नी को समझाया फिर पति ने अपनी पत्नी से क्षमा मांगी और भविष्य में किसी तरह से दुर्व्यवहार नही करूंगा कहा,इस प्रकार पुलिस ने समझदारी के साथ एक परिवार को टूटने से बचा लिया और इस मामले में पुलिस को सफलता मिली।



# दक्षिण एशिया में जल विद्युत विकास के लिए भारत ने खोला एक नया द्वार,प्रचंड ने दिल्ली दौरे को किया याद





**काठमांडू ,10 जून 2023।** आने वाले दस वर्षों में नेपाल से 10 हजार मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा आयात करने की भारत की प्रतिबद्धता ने दक्षिण एशिया में जल विद्युत (हाइड्रोपावर) विकास के लिए एक नया दरवाजा खोल दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल %प्रचंड% ने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब वह शुक्रवार को विश्व बैंक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मार्टिन रायसेर के साथ बैठक कर रहे थे।

प्रचंड ने कहा कि जल विद्युत उत्पादन में वृद्धि से हरित और स्वच्छ ऊर्जा (ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी) के विकास में मदद मिलेगी और क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि अगर हम जल विद्युत के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे तो दुनिया के लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।


**भारत ने जल विद्युत विकास के लिए खोला एक नया दरवाजा**

उन्होंने कहा कि हिमालयी राष्ट्र में जल विद्युत विकास से न केवल नेपाल बल्कि भारत और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों को भी लाभ होगा। प्रचंड ने अपने हाल के भारत दौरे को याद किया। दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दस वर्षों में नेपाल से दस हजार मेगावाट स्वच्छ उर्जा आयात करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि इसने जल विद्युत विकास के लिए एक नया दरवाजा खोल दिया है। प्रचंड ने 31 मई से 3 जून तक भारत का दौरा किया था, जो दिसंबर 2022 में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा थी।

**जलवायु परिवर्तन और हरित विकास की संभावनाओं पर चर्चा**

रायसेर और प्रचंड ने नेपाल व विश्व बैंक के बीच छह दशक से अधिक समय से चले आ रहे सहयोग को याद किया। प्रधानमंत्री प्रचंड के करीबी सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने जलवायु परिवर्तन से पैदा होने वाली चुनौतियों और हरित विकास की संभावनाओं सहित विकास प्रक्रिया से संबंधित हिमालयी राष्ट्र की समस्याओं पर चर्चा की। प्रचंड ने नेपाल सरकार की प्राथमिकता वाली परियोजना %अपर अरुण हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट% के विकास के लिए वित्तीय स्रोतों के प्रबंधन के समन्वय के लिए वैश्विक ऋणदाता के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, रायसेर ने जोर देकर कहा कि विश्व बैंक, सामाजिक और आर्थिक विकास प्राप्त करने के प्रयासों में नेपाल सरकार की सहायता करने के लिए तैयार है। उन्होंने सुधारों के क्षेत्रों में नेपाल की मदद करने के लिए विश्व बैंक की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

# भारतीय मूल के व्यक्ति ने नाव चालक और रिजॉर्ट के खिलाफ दर्ज कराया केस, पत्नी की हत्या का लगाया आरोप



**वाशिंगटन , 10 जून 2023।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी नागरिक ने एक नाव चालक और एक रिजॉर्ट के खिलाफ केस दर्ज कराया है। भारतीय नागरिक ने आरोप लगाया है कि चालक अनदेखी और लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की मौत हो गई और उसका बेटा घायल हो गया। घटना अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की है।

**छुट्टियां मनाने गए थे**

मोनरो काउन्टी कोर्ट में श्रीनिवासराव अलापार्थी ने 68 पन्नों का मुकदमा दर्ज किया है। श्रीनिवास राव ने नाव के कैप्टन पिप और मरीना एंड हिड्वे रिजॉर्ट के खिलाफ लापरवाही और हत्या का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में श्रीनिवास राव ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुप्रजा (33), 10 साल के बेटे और नौ साल के भतीजे के साथ पैरासेलिंग के लिए फ्लोरिडा गए थे। यहां मौसम खराब हो गया। कुछ मिनट के बाद ही कैप्टन ने पैरासेलिंग के नाव की रस्सी काट दी। अलापार्थी मजबूरों की तरह वहां खड़ा-खड़ा देखता रह गया और उसकी पत्नी और दोनों बच्चे पानी में डूबते चले गए। पानी के बहाव में उनका परिवार दो मील तक बहता चला गया। मीलों बाद एक ब्रिज के खंभे से टकराकर तीनों रुक गए। इस वजह से उसकी पत्नी की मौत हो गई। उनका बेटा और भतीजा घायल है।

**कंपनी ने नहीं किया अपना काम**

अलापार्थी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नाव कर्मी मौसम के पूर्वानुमान में फेल हो गए। उन्होंने कोस्ट गार्ड से मदद भी नहीं मांगी। अलापार्थी ने कहा कि मैं तो मदद नहीं कर सका। लेकिन हमने जिस पर भरोसा किया, कैप्टन और रिजॉर्ट, अगर वह अपना काम ठीक से करते तो आज मेरे पत्नी मेरी साथ होती और मेरे दोनों बच्चे सुरक्षित होते।

# ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के छह महीने पहले गरमा गया प्तमीटू का मुद्दा



**ताइपे,10 जून 2023।** ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के गरमा रहे माहौल के बीच प्तमीटू का मुद्दा उछल गया है। अपने को यौन उत्पीड़न का शिकार बताने वाली कई महिलाएं सामने आई हैं, जिन्होंने गंभीर इल्जाम लगाए हैं। ताइवान मसले को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रहे टकराव और युद्ध की गहरा रही आशंका के बीच यहां के अगले राष्ट्रपति चुनाव पर दुनिया भर की नजर है। इसीलिए प्तमीटू के लगे इल्जाम अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी सुर्खियों में आए हैं।

इस मंगलवार को ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने इस बात को लेकर सार्वजनिक माफी मांगी कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने यौन उत्पीड़न के मामलों पर सही नजरिया नहीं अपनाया। उन्होंने वादा किया है कि अब सरकार शिकायत दर्ज कराने के सिस्टम में सुधार करेगी, ताकि प्तमीटू की शिकार महिलाएं आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा पाएं। ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान अगले जनवरी में होगा। डीपीपी के अध्यक्ष लाइ चेंग-ते उस चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनने की तैयारी में हैं। डीपीपी ताइवान की आजादी की समर्थक है, इसलिए इस पार्टी को पश्चिमी देशों का समर्थन मिला हुआ है। लाइ ने एक बयान में कहा है कि उनकी सरकार प्तमीटू के हर आरोप को गंभीरता से लेगी और जिन्होंने ऐसे मामलों पर परदा डालने की कोशिश की है, उनको दंडित किया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक हफ्ते के दौरान प्तमीटू के जो मामले सामने आए हैं, उनसे डीपीपी की छवि खराब हुई है। प्रमुख विपक्षी दल कुओमिनतांग (केएमटी) ने इस विवाद को पहले डीपीपी पर हमला बोलने का हथियार बनाया। लेकिन इसी बीच कुओमिनतांग पर भी यौन उत्पीड़न संबंधी कई मामलों पर ठीक रुख न अपनाने के आरोप लगे हैं। अब पार्टी के अध्यक्ष और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को वेन-जे ने कहा है कि प्तमीटू आरोपों का इस्तेमाल अगले चुनाव में राजनीतिक हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। चीन के टीवी चैनल सीसीटीवी ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में बताया था कि डीपीपी, केएमटी और एक अन्य पार्टी टीपीपी के नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के कम-से-कम 20 मामले सामने आए हैं। कुछ वेबसाइटों पर सिर्फ उन मामलों का जिक्र किया है, जिनमें डीपीपी के नेता फंसे हैं। इन वेबसाइटों पर लिखी टिप्पणियों में लोगों से अपील की गई है।

# बड़े बे-आबरू होकर सियासत से बोरिस जॉनसन निकले, पार्टी ने सांसद पद छोड़ने के लिए किया मजबूर



**लंदन,10 जून 2023।** चार साल पहले ब्रिटेन की सियासत में उल्का की चमके बोरिस जॉनसन के राजनीतिक करियर पर अब विराम लग गया है। जॉनसन का जिस तेजी से उदय हुआ था, उनका पतन भी उसी रफ्तार से हुआ है। अब उनकी कंजरवेटिव पार्टी ने ही उन्हें सांसद पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है।

ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस की विशेषाधिकार समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि पार्टीगेट मामले में तत्कालीन प्रधानमंत्री जॉनसन ने झूठ बोला था। पार्टीगेट कोरोना लॉकडाउन के दौरान हुआ कांड था। आरोप लगा था कि जिस समय जॉनसन की सरकार ने सारे देश पर सख्त लॉकडाउन लागू कर रखा था, तभी प्रधानमंत्री के निवास में पार्टियों का आयोजन कर जश्न मनाया गया।

जॉनसन ने शुक्रवार रात कहा- 'संसद से फिलहाल जाना बहुत दुखद है।' जॉनसन ने अपने बयान में फिलहाल शब्द का इस्तेमाल किया, जिसको लेकर विश्लेषकों ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी सियासी वापसी की उम्मीद अभी नहीं छोड़ी है। लेकिन कंजरवेटिव पार्टी के सूत्रों ने कहा कि जॉनसन ने अपने आचरण से ना सिर्फ अपनी प्रतिष्ठा, बल्कि कंजरवेटिव पार्टी की पहचान को भी नुकसान पहुंचाया। इसलिए पार्टी में उनके लिए कोई जगह नहीं रह गई है।

जॉनसन को अपनी सरकार में बगावत के कारण जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। तब से वे कहते रहे हैं कि उन्होंने कोई गलती नहीं की। बल्कि उनका दावा है कि उनके साथ गलत व्यवहार हुआ है। उन्होंने कहा है- जिस तरह मुझे बाहर निकाला गया है, उससे मैं दुखी और आश्चर्यचकित हूं।

विश्लेषकों ने कहा है कि पार्टीगेट मामले में घिरने के बावजूद यह किसी को अंदाजा नहीं था कि जॉनसन के राजनीतिक करियर पर इतनी जल्दी परदा गिर जाएगा। जॉनसन के करीबी व्यक्तियों ने मीडियाकर्मियों को बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री को इस बात का भरोसा रहा है कि भले पार्टी साथ छोड़ दे, लेकिन उनके लिए जन समर्थन बना रहेगा। उनकी उम्मीदें अपनी लोकप्रियता पर ही टिकी रही हैं। पिछले महीने जारी हुए एक जनमत सर्वेक्षण में बताया गया था कि कंजरवेटिव पार्टी के समर्थकों में 64 फीसदी लोग अभी भी जॉनसन के बारे में सकारात्मक राय रखते हैं।

ब्रेग्जिट मुद्दे पर उग्र रुख अपना कर जॉनसन ने देश में तीखा ध्रुवीकरण किया था। उससे ही उनका सितारा चमका और 2019 के मध्य में वे प्रधानमंत्री बन गए। तब उन्होंने उसी वर्ष दिसंबर में मध्यावधि चुनाव करवाया, जिसमें उन्होंने कंजरवेटिव पार्टी को हाल के समय की सबसे बड़ी जीत दिलवाई। लेकिन पार्टीगेट के खुलासे के बाद कंजरवेटिव पार्टी के भीतर उनके लिए चुनौतियां बढ़ने लगीं।

जॉनसन पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल को अपना आदर्श बताते हैं। प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से वे बार-बार इस बात की चर्चा करते रहे हैं कि 1945 में चुनाव हारने के बाद चर्चिल ने 1951 में जोरदार वापसी की थी। लेकिन कंजरवेटिव पार्टी के सांसदों और अन्य कार्यकर्ताओं ने आम चर्चाओं में इस तुलना को निराधार बताया है। उनमें से ज्यादातर को नहीं लगता कि चर्चिल का करिश्मा जॉनसन दोहरा पाएंगे।

# जबरन धर्म परिवर्तन की शिकार हुई लड़की को परिवार के साथ भेजने से कोर्ट का भी इनकार




**इस्लामाबाद,10 जून 2023।** पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम लड़कों से शादी कराए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में एक मामला सिंध प्रांत से सामने आया था, जहां 14 वर्षीय हिंदू लड़की को अगवा कर उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया गया और मुस्लिम व्यक्ति से शादी कर दी गई थी। इस मामले में एक जिला अदालत ने बच्ची को माता-पिता के साथ भेजने से इनकार कर दिया। कहा जा रहा है कि बच्ची अपने माता-पिता के साथ जाना चाहती थी, फिर भी अदालत ने यह फैसला लिया। वहीं न्यायाधीश ने कहा कि बयान देते समय लड़की दबाव में लग रही थी। इसलिए उसे आश्रय गृह में भेजा है।

**यह है मामला**

गौरतलब है, दक्षिणी सिंध प्रांत के बेनजीराबाद जिले में दो जून को एक 14 वर्षीय बच्ची का उसके शिक्षक ने अपने सहयोगियों की मदद से अपहरण कर लिया था। यह घटना बच्ची की मां के सामने हुई थी। उसके पिता ने पुलिस में शिकायत दी थी कि बच्ची का बंदूक की नोक पर अपहरण किया गया। बाद में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आई थी, जिसमें लड़की यह कहते हुए दिखाई दी कि उसने इस्लाम धर्म अपना लिया है और एक मुस्लिम व्यक्ति से शादी कर ली है। हालांकि, बच्ची के माता-पिता का कहना था कि वह नाबालिग है। उससे जबरन ये सब करवाया गया है।

**सोशल मीडिया पर मचा था बवाल**

इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल मचा था। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए सख्ती दिखाई और पांच दिन में जिले के एक घर से बच्ची को बरामद कर लिया। बच्ची को शुक्रवार को लरकाना की जिला अदालत में पेश किया, जहां उसने अपने बयान में न्यायाधीश को बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया था और जबरन धर्म परिवर्तन कराया। बच्ची ने अपने माता-पिता के साथ जाने की इच्छा जताई थी। हालांकि, न्यायाधीश ने यह कहते हुए सुनवाई 12 जून तक के लिए स्थगित कर दी कि वह अपना बयान देते समय दबाव में दिखी। बच्ची को महिलाओं के आश्रय गृह में भेज दिया गया है।

**मां के सामने किया था अपहरण**

बच्ची की मां ने पत्रकारों को बताया कि उसकी बेटी घर पर ट्यूशन पढ़ती थी। कुछ दिन पहले ही शिक्षक ने बच्ची से कहा था कि उसे एक लाख रुपये के कर्ज की जरूरत है। जब उन्हें इस बारे में पता चला तो उन्होंने शिक्षक से कहा कि बच्ची से इस तरह के मामलों पर चर्चा नहीं करे। इस पर वह बिना कुछ कहे चला गया था। लेकिन वह एक दिन बाद कुछ लोगों के साथ लौटा और जबरन बच्ची को बंदूक की नोक पर ले गया। पीड़िता की मां ने कहा कि मैंने आरोपी से विनती भी की थी कि पैसे ले लो पर बेटी को छोड़ दो, लेकिन उसने एक नहीं सुनी।

**फर्जी निकले दस्तावेज**

वहीं, पिता ने मीडिया को बताया कि आरोपी ने जो भी दस्तावेद पेश किए थे, सब फर्जी निकले। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि जब लड़की 14 साल की है तो सरकारी अधिकारी ऐसे दस्तावेजों पर मुहर कैसे लगा सकते हैं।

# कंगाली के कगार पर खड़े पाकिस्तान ने बढ़ाया रक्षा बजट, सबसे ज्यादा खर्च ब्याज के भुगतान पर




**इस्लामाबाद , 10 जून 2023।** कंगाली के कगार पर खड़े पाकिस्तान ने अपने रक्षा खर्च में पिछले साल के मुकाबले 15.4 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक संकट से जूझ रही पाक सरकार ने तीन साल में पहली बार रक्षा बजट बढ़ाया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को नेशनल असेंबली के पटल पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट पेश किया। डार ने बजट भाषण में कहा कि आगामी वर्ष के लिए सरकार कोई नया कर नहीं लगा रही है।

डार ने कहा कि अगले साल के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।?यह भारत के अनुमान 6.5त्न से करीब आधा है। डार ने कहा, यह चुनावी बजट नहीं है और वास्तविक अर्थव्यवस्था के तत्वों पर केंद्रित है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट का कुल खर्च 14.46 लाख करोड़ रुपये है। सरकार ने कुल मौजूदा खर्च 13,320 अरब रुपये रखा है, जो पिछले साल के बजट आंकड़े से 53 फीसदी अधिक है।

**बजट में सबसे ज्यादा 7,303 अरब रुपये का प्रावधान कर्ज भुगतान के लिए**

डार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा व्यय का बजट 1,804 अरब रुपये रखा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.4 प्रतिशत अधिक है। पाकिस्तान सबसे ज्यादा खर्च ब्याज के भुगतान में कर रहा है। वित्त वर्ष के लिए बजट में ब्याज भुगतान पिछले वर्ष से 85 फीसदी बढ़कर 7,303 अरब रुपये हो गया है, जो कुल वर्तमान व्यय का यह 55त्न है। मुद्रा स्फीति का लक्ष्य 21त्न रखा गया है।

# अमेरिका से व्यापार रियायतें नहीं पा सके ऋषि सुनक,अब देश में हो रही है आलोचना



**लंदन,10 जून 2023।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अमेरिका यात्रा में अपने प्रमुख मकसद में कामयाबी नहीं मिल सकी। जबकि व्हाइट हाउस में सुनक का स्वागत कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन यह संदेश देने में सफल रहे कि चीन के खिलाफ लामबंदी में ब्रिटेन उनके साथ है और उनका अभियान आगे बढ़ रहा है।

ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की एक रिपोर्ट में कहा गया है- 'ऋषि सुनक और जो बाइडन ने दोनों देशों के बीच सहयोग के एक करार का एलान किया है, जिससे ब्रिटेन बाइडन प्रशासन के आर्थिक दायरे में और मजबूती से शामिल हो जाएगा। इससे ब्रेग्जिट के समय आपसी रिश्तों में हुई उथल-पुथल से आगे निकलते हुए दोनों देशों के बीच अब पहले जैसे संबंध बहाल हो जाएंगे।'

दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में 'अटलांटिक घोषणापत्र' जारी किया। इस मौके पर सुनक ने दो टूक कहा कि दोनों देशों ने चीन और रूस की तरफ से आ रहे खतरों को देखते हुए अपनी 'आर्थिक सुरक्षा' को मजबूत करने का फैसला किया है। सुनक ने कहा- 'चीन और रूस अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकेंगे।'

लेकिन ब्रिटिश विश्लेषकों ने राय जताई है कि 'अटलांटिक घोषणापत्र' प्रतीकात्मक रूप में भले महत्वपूर्ण हो, लेकिन इससे यह भी संकेत मिला है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते की अब कोई उम्मीद नहीं बची है। जबकि ब्रिटेन में सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी ने 2019 के आम चुनाव में अमेरिका के साथ ऐसा समझौता करने का वादा किया था।

ब्रिटेन में प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी ने आरोप लगाया है कि कंजरवेटिव पार्टी ने जिस व्यापक व्यापार समझौते का वादा किया था, उसे पूरा करने में वह नाकाम रही है। शैडो कैबिनेट (ब्रिटेन में विपक्षी पार्टी एक समानांतर मंत्रिमंडल बनाती है, जो सरकार के कामकाज पर नजर रखती है) में विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा है- 'प्रधानमंत्री सुनक अमेरिका के इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट के तहत ब्रिटेन को सहयोगी देश का दर्जा दिलवाने में भी नाकाम रहे, जबकि ब्रिटेन के ऑटोमोटिव सेक्टर और ग्रीन एनर्जी उद्योग के लिए यह बेहद महत्त्वपूर्ण मकसद है।' अमेरिका में बने इस कानून के तहत वहां उद्योग लगाने वाली कंपनियों को भारी सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है।

लेकिन कंजरवेटिव पार्टी ने इसे सुनक की बड़ी उपलब्धि बताया है कि जो बाइडन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की इस योजना को स्वीकृति दे दी, जिसके तहत वे ब्रिटेन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विनियम का केंद्र बनाना चाहते हैं। बाइडेन ने कहा- 'हमें आशा है कि ब्रिटेन इस कार्य में नेतृत्व देगा।'

विश्लेषकों के मुताबिक अमेरिका ने पूर्ण व्यापार समझौते की मांग नहीं मानी। इस कारण ब्रिटेन को अब अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग समझौते की राह अपनानी होगी। इनमें रक्षा, डाटा और पेशेवर डिग्रियों से जुड़े क्षेत्र शामिल हैं। ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा है कि अमेरिका अब भूमंडलीकरण की नीति से हट चुका है और अपनी अर्थव्यवस्था को नीतिगत संरक्षण देने की राह पर चल रहा है। इसी वजह से ब्रिटेन की मुक्त व्यापार समझौते की उम्मीद पूरी नहीं हुई।

# एसईसीएल का कबाड़ बेचकर लाल हो गए चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ के चर्चित कबाड़ी

- एसईसीएल की संपत्ति को नुकसान पहुंचा...चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ के कबाड़ियों ने अपनी संपत्ति में किया कई गुना इजाफा
- कबाड़ियों को मिला पुलिस का बड़ा संरक्षण,संरक्षण देने वाले की भी हुई खूब कमाई
- एक बिना नंबर प्लेट वाली वाहन एक पुलिसकर्मी की बताई जाती है वह भी किसी कबाड़ी के द्वारा मिला है:सूत्र
- क्या पुलिसकर्मी की बिना नंबर वाली गाड़ी की होगी जांच?





घटती घटना | अम्बिकापुर, गुरुवार 18 मई 2023 | 5

कोल माफियाओं के बाद अब कबाड़ियों के लिए भी सिरदर्द बन सकते हैं सरगुजा आईजी राम गोपाल गर्ग



घटती घटना | अम्बिकापुर, शनिवार 03 जून 2023 | 5

एक जून को कुरासिया वर्कशॉप की दीवार व लोहे का चैनल खड़ा था...2 जून को दीवाल गिराया और चैनल काटकर ले उड़े चोर...



घटती घटना

क्या सरगुजा आईजी की ईमानदारी व मेहनत को कोरिया व एमसीबी के पुलिसकर्मी ध्वस्त करने पर तुले हैं?



बिना नंबर प्लेट वाली वाहन किस पुलिसकर्मी की है, जिसकी पहचान नंबर प्लेट नहीं पुलिस की टोपी है?

- रवि सिंह-
एमसीबी,10 जून 2023
(घटती-घटना)।

केंद्र सरकार की कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल है जहां कोयले का उत्पादन हुआ करता है अपने कर्मचारियों के लिए एसईसीएल ने कई तरह के सुविधाएं दी हुई थी, वही कोयले निकालने के लिए भी कई उपकरण खरीदे गए थे, स्वास्थ सुविधा के लिए भी वाहन खरीदे गए थे और यदि देखें तो एसईसीएल के द्वारा शुरुआती दौर में खुद का वर्कशॉप खुद का ही वाहन हुआ करते थे, किराए पर लेने की प्रकिया उस समय नहीं थी, एसईसीएल अपने अधिकारी व कर्मचारी की सुविधा के लिए वाहन से लेकर कई तरह के उपकरण की खरीदी किया करती थी फिर बाद में एसईसीएल की पॉलिसी बदली और यह भी किराए पर वाहन अधिकृत करने लगे पर जो एसईसीएल के वाहन पहले खरीदे हुए थे वह काफी पुरानी होने की वजह से वर्कशॉप में खड़े हो गए, वर्कशॉप ही इनका बंद हो गया धीरे-धीरे कर्मचारियों की भी कमी होने लगी थी पर एसईसीएल के पास लोहे के तौर पर काफी कबाड़ एकत्रित हो गया था जो एसईसीएल की संपत्ति थी, पर इस संपत्ति पर कबाड़ियों की गिद्ध दवाली नजर पड़ गई और फिर क्या एसईसीएल की संपत्ति को चोरी कर बेचते गए, आज भी एसईसीएल की संपत्ति कबाड़ के रूप में ही मौजूद है पर अब उस मात्रा में नहीं है जितनी मात्रा में पहले थी, क्योंकि सारे कबाड़ को तो कबाड़ी लोग बेच डाले और कबाड़ी भी पहले तो छोटे कबाड़ी थे फिर इस काम को करते करते बड़े कबाड़ी हो गए और आज एसईसीएल की संपत्ति को बेच कर खुद अपनी करोड़ों की संपत्ति बना ली और इन्हें संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों को भी कबाड़ की चोरी से मुनाफा होने लगा या कहे तो जिस प्रकार शेर के दांत में खून लग जाए तो वह मांस नहीं छोड़ता कुछ इसी प्रकार इन क्षेत्रों में आने वाले पुलिसकर्मियों के भी दांत में कबाड़ से आने वाले पैसे की लत लग गई और जमकर कबाड़ चोरी हुआ बिका और कबाड़ीयों की संपत्ति बढ़ती चली गई, वही पुलिस कर्मियों को भी लाभ हुआ। पुलिसकर्मी भी अपने लाभ के लिए सारी सीमाएं पार कर दिए।

### पुलिस पर कैसे करें भरोसा?

यह सवाल एक तत्कालिक मामले से उठता है यह मामला है 3 दिन पहले का जहां एक सज्जन व्यक्ति जो नए एसपी के आने पर एक नागरिक होने का फर्ज निभाता हुआ गलत गतिविधियों की जानकारी देता है वह जानकारी यह है की कबाड़ की गाड़ी लोड हो रही थी और यह बात उस व्यक्ति को पता चल गई और वह व्यक्ति यह जानकारी पुलिस महानिरीक्षक से लेकर पुलिस अधीक्षक तक उनके व्हाट्सएप पर संदेश भेज दिया, जिसके बाद जानकारी देने वाले सज्जन का नाम गोपनीय रखते हुए पुलिस को उस पर कार्यवाही करनी चाहिए थी, पर पुलिस कार्यवाही करने के लिए भी उसी को भेज दिया जो खुद उस थाने के इंचार्ज है और वह वहां पहुंचते हैं और वहां पर लोड हो रही गाड़ियों को हटवा देते हैं और सूचना देने वाले को को फोन लगाते हैं और बताते हैं कि वह स्क्रैप वाली गाड़ियां थी, जिसमें एसईसीएल का माल लोड हो रहा था पर सवाल यह है कि जब यदि माल स्क्रैप का था तो फिर वह ट्रक को वहां से हटाने की क्या जरूरत थी? जब नियम से कबाड़ का माल जा रहा था तो उसे लोड होकर जाने दिया होता, उसके बाद उस थाने के इंचार्ज महोदय ने उस व्यक्ति को कहा कि तुम एसपी साहब को फोन लगा कर कहो कि वह माल कबाड़ी का नहीं था, बल्कि स्क्रैप था जो एसईसीएल भेज रही है, अब इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की पुलिस की मुखबिरी करे तो करे कौन? जिसने सूचना दिया उसके पास कबाड़ीयो को फोन आने लगा की हमसे क्या दिक्कत है? पर कबाड़ीयो के सवाल में उनके लिए भी एक सवाल है कि आखिर आपको चोरी का कबाड़ बेचने की क्या जरूरत है? दैनिक घटती-घटना इस खबर के माध्यम से अधिकारियों को यह बताना चाहता है की पुलिस पर लोगों का भरोसा बना रहे ना कि पुलिस से भरोसा लोगों का खत्म हो जाए।

### एमसीबी में ऐसे ऐसे थानेदार हैं जो अपने अधिकारियों को ही ब्लैकमेल करते हैं

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना भले ही मार्च 2023 की है पर इस घटना से अधिकारियों को भी सचेत होने की जरूरत है जानकारी के अनुसार थानेदार साहब अपने घरेलू कार्यक्रम में गए हुए थे इस बीच कुछ ईमानदार अधिकारियों को कबाड़ के संबंधित जानकारी मिली जिस पर उन्होंने छापा मारने का प्रयास किया पर कबाड़ी के गोदाम का गेट इतना बड़ा था कि वह ना तो खुला और ना ही वह तोड़ पाए, जैसे ही यह बात उस थानेदार को पता चली जो खुद कबाड़ी को संरक्षण दे रहा था, उसने उस दिन का कबाड़ी के गोदाम के सीसीटीवी का डीवीआर अपने एक प्रधान आरक्षक को भेजकर मंगा लिया, और फिर अपने ही अधिकारियों को उस डीवीआर से उनकी वीडियो निकालकर ब्लैकमेल करने लगा, बस अधिकारियों की एक छोटी सी भूल थी कि उन्हें दरवाजा तोड़कर कार्यवाही कर देनी थी पर उन्होंने दरवाजा तोड़ने का जोखिम नहीं लिया और वह वहां से खाली हाथ वापस लौट आए, दरवाजा तो खुलवाने का प्रयास किया अथवा खुलवाने के प्रयास में गाली गलौज भी थोड़ी करते दिखे, अब यह कमी को थाना प्रभारी भुनाने लगे और अधिकारी को ही ब्लैकमेल करने लगे, इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो पता नहीं पर यदि यह बात सच्ची है तो आप सोच सकते हैं कि थाना प्रभारी किस स्तर के होंगे। दैनिक घटती घटना इस जानकारी को अपने सूत्रों के हवाले से प्राप्त की है पर हम इसकी पुष्टि नहीं करते।




### अवैध कारोबार को बंद कराने नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को मानना होगा आईजी सरगुजा का निर्देश

क्षेत्र में अवैध कारोबार बंद हो और पूरी तरह से बंद हो इसके लिए पुलिस अधिक्षक महोदय को आईजी सरगुजा का निर्देश मानना होगा। आईजी सरगुजा फिलहाल अवैध कारोबार के मामले में सख्त बने हुए हैं और वह अवैध कारोबार पूरी तरह बंद हो इसके लिए सभी जिले के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित भी कर चुके हैं। नवीन जिले में एसईसीएल से कोयला और कबाड़ का बड़े स्तर पर अवैध कारोबार होता है और यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है और आज तक जो देखने को मिला है उसके अनुसार पुलिस भी पूरी तरह अवैध कारोबार रोक पाने में असफल ही रही है या यह कहें की अवैध कारोबार पर असर ही नहीं डाल पाई है पुलिस तो यह भी कहना गलत नहीं होगा। अब देखना यह है की कैसे नए पुलिस अधीक्षक अवैध कारोबार पर अंकुश लगा पाते हैं और किस तरह वह अवैध कारोबारियों पर नकेल कसते हैं।

### क्या नए पुलिस अधीक्षक अपने पुलिसकर्मी की बिना नम्बर वाले वाहन की जांच कराएंगे?

एमसीबी जिले ने मनेन्द्रगढ़ शहर में एक पदस्थ पुलिसकर्मी जिनके पास बिना नंबर वाली लाल कर है जिसका पेपर तक नहीं है ऐसी जानकारी मिल रही है, यह वाहन लंबे समय से बिना नंबर प्लेट व बिना नंबर के शहर में दौड़ रही है पर इस वाहन में एक बहुत खास बात है कि नंबर प्लेट तो नहीं है पर सामने पुलिस की टोपी रखी रहती है, क्या इस वजह से वहां के पुलिसकर्मी उस वाहन की जांच नहीं करते या फिर जिसकी वाहन है उसे नंबर प्लेट लगाने के लिए अनिवार्यता नहीं है? और क्या इसीलिए कार्यवाही नहीं की जाती? आखिर वजह क्या है कि यह वाहन बिना नंबर के शहर में दौड़ रही है? सूत्र यह बता रहे हैं कि यह वाहन एक पुलिस वाले की है जिसमें पुलिस की टोपी सामने रखी रहती है यही वजह है कि कोई भी इस वाहन को नहीं रोकता पर जानते सभी हैं कि यह वाहन किसकी है, इस वाहन में पुलिस वाले के परिवार सहित पुलिस वाले स्वयं इस वाहन का उपयोग करते है पर वाहन में ना तो नंबर प्लेट होता है और ना ही उसमें नंबर लिखा होता है, अब ऐसे में सवाल यह उठता है क्या पुलिस वाले के लिए संविधान अलग बना हुआ है? उनके लिए नियम अलग बने हुए हैं कि उन्हें बिना नंबर वाली गाड़ी ही चलानी है? या फिर उस गाड़ी में चलने के लिए नंबर की जरूरत नहीं है? इसके लिए क्या कोई ऊपर से ही आदेश आया हुआ है? अब ऐसे में इस वाहन की जांच होनी चाहिए कि यह वाहन में नंबर क्यों नहीं है? यह बिना नंबर प्लेट के क्यों शहर में दौड़ रही है? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह वाहन बिना रजिस्ट्रेशन वाली है और इसके पीछे कोई बड़ी वजह है? दैनिक घटती-घटना पुलिस अधीक्षक से इस खबर के माध्यम से एक पर फिर अपील करता है कि इस बिना नंबर प्लेट वाली वाहन की जांच करें ताकि इसकी सत्यता सबके सामने आ सके कि आखिर यह वाहन बिना नंबर प्लेट के शहर में क्यों दौड़ती है? या वाहन चोरी की तो नहीं है या फिर कोई कबाड़ी वाहन दिया है?



## आशा महेश साहू ने ग्राम छिन्दिया में नवीन धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग की

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,10 जून 2023
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत बैकुंठपुर की उपाध्यक्ष आशा महेश साहू ने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं सरगुजा संभाग से मुलाकात कर व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत संसदीय सचिव अंबिका सिंह देव वह कोरिया कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया व मांग कि की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तरगवा में 11 ग्राम सम्मिलित हैं पंजीकृत किसानों की संख्या 1685 है जिससे तरगवा समिति में अत्यधिक भीड़ होने के कारण खाद बीज लेने में वह धान बेचने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ग्राम छिदिया में (छिंदीया ,चिरगुडा, कोचिला, रामपुर ,पसला, शिवपुर) को मिलाकर (जिनकी पंजीकृत किसानों की संख्या लगभग 850 है)नवीन धान खरीदी केंद्र बनाएं जाने की आवश्यकता है जिस पर संयुक्त पंजीयक ने जांच करा कर किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नवीन उपार्जन केंद्र खोले जाने का आश्वासन दिया गया है।

## भाजयुमो ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 परिणाम को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की

- संवाददाता -
चिरमिरी,10 जून 2023
(घटती-घटना)।



भाजयुमो प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं के साथ प्रदेश के उज्जवल भविष्य के लिए और युवाओं के अधिकार के लिए सत्ता के नशे में चूर और भ्रष्ट बहरी सरकार के खिलाफ राज्य लोक सेवा आयोग में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से सदन तक की लडाई लडने के लिए तैयार है।

भाजपा कार्यालय चिरमिरी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में युवा मोर्चा जिला प्रभारी अनमोल झा, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको ज्ञात है कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 का अंतिम परिणाम जारी किया गया। जिसकी सूची जारी होने के पश्चात ही मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों के चयन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ है। चयन सूची में आयोग के अध्यक्ष के पुत्र का नाम बिना उपनाम के शामिल है। वहीं प्रदेश के प्रमुख अधिकारियों के पुत्र-पुत्रियों, निजी पार्टी के नेता के बेटी-दामाद का चयन भ्री 20 लोगों की सूची में शामिल होना संदेह की स्थिति उत्पन्न करता है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित संस्था का कार्य प्रदेश में क्लास 2/3 के महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति करना है। परंतु वर्ष 2022 में आयोग द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के भृत्य (लेवल 1) के 80 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोग द्वारा करवाई जा रही है, जबकि यह भर्ती छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परिक्षा मंडल (व्यापम) के अंतर्गत होनी थी। अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी-द की पदों की भी भर्ती अधिसूचना जारी की गयी है, जबकि यह भर्ती प्रक्रिया छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के अंतर्गत होनी थी। राज्य लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक एवं सचिव 4 वर्ष से अधिक समय से आसीन है जबकि किसी भी विभाग में 3 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी अधिकारी को पदस्थ नहीं रखा जा सकता है।

भाजयुमो प्रदेश की कांग्रेस सरकार से मांग करती है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2021 परिणाम को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और परीक्षा दोबारा आयोजित की जाये। राज्य सेवा परीक्षा परिणाम 2021 की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने के साथ ही आयोग के अध्यक्ष, सचिव और परीक्षा नियंत्रक को तत्काल निलंबित किया जाये। भाजयुमो की मांग को यदि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा अमल नहीं किया गया और दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो भारतीय जनता युवा मोर्चा सदन से सड़क तक की लड़ाई लड़ने एवं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, महामंत्री धर्मेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश नीति अनुसंधान सह प्रमुख सुश्री कोमल पटेल, आनंद ताम्रकार, मनीष खटीक, अखिलेश मिश्रा, दल प्रताप, निखिल साहू, अरविंद अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, रिंकेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## महाराजपुर टोल प्रबंधक ने सड़को को किया क्षतिग्रस्त,जिला प्रवक्ता ने प्रबंधन के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने कलेक्टर को सौंपा पत्र





- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,10 जून 2023
(घटती-घटना)।

महाराजपुर टोल प्लाजा बनने के बाद से ही आए दिन सुर्खियों में बना रहता है कभी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों से दुर्व्यवहार की चर्चा होती है तो कभी आसपास की सड़कों को मनमानी ढंग से क्षतिग्रस्त करने गड्ढा खोदकर खंभा लगा देने की चर्चा होती है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कलेक्टर मनेंद्रगढ़ को पत्र लिखकर शिकायत किया कि महाराजपुर टोल प्लाजा के प्रबंधन द्वारा जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत धुंध नाला की पुलिया और रास्ते को मनमानी कर बंद कर दिया गया है पुलिया पर मिट्टी का ढेर लगाकर खूंटा गाड़ दिया गया है जिससे लोहारी नवापारा के लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति प्रतिदिन छोटी मोटी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं यदि इसमें ध्यान नहीं दिया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है। वही महाराजपुर की गोठान से आगे लोहारी जाने वाले रास्ते को भी बड़े-बड़े बोल्डर डालकर गड्ढा खोदकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर को लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वही टोल प्रबंधन द्वारा महाराजपुर में ट्रैक्टर वालों को परेशान भी किया जाता है।

मिश्रा ने बताया कि नियम विरुद्ध कार्य करते हुए सार्वजनिक रास्तों को अवरुद्ध करने से आसपास के ग्रामीण काफी परेशान हैं साथ ही टोल प्रबंधन द्वारा अक्सर जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों से भी दुर्व्यवहार की शिकायतें आती हैं इसलिए उन्होने कलेक्टर को पत्र सौप कर टोल प्रबंधन पर शासकीय सड़कों को क्षतिग्रस्त करने के मामले में एफ आई आर दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है ताकि भविष्य में टोल प्रबंधन द्वारा इस प्रकार के घटना की पुनरावृत्ति ना की जाए।

# उत्पादन की होड़ में जान की परवाह किसे है..बेतहाशा दुर्घटनायें बढ़ रही है : अख्तर जावेद उस्मानी

- सैकड़ों श्रमिकों को खनन कार्यों से संबंधित ब्यवसायिक बीमारियों में क्षतिपूर्ति नहीं दी जा रही है..करोड़ों रुपये बचाने में लगी है कोल इंडिया
- देश के कानून की स्पष्ट मंशा मजदूरों को सहायता पहुंचाने की पर कोल इंडिया का इस और कोई ध्यान नहीं
- 1952 से आज तक कोयला खदानों में कभी आक्यूपेशनल हेल्थ सर्वे क्यों नहीं कराया गया है?

-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी,10 जून 2023
(घटती-घटना)।

त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति कोल इंडिया लिमिटेड में हिन्द मजदूर सभा के प्रतिनिधि कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सब्सिडियों में सैकड़ों श्रमिकों को खनन कार्यों से संबंधित ब्यवसायिक बीमारियों में क्षतिपूर्ति नहीं दी जा रही है। करोड़ों रुपये बचाने में लगी है कोल इंडिया लिमिटेड जबकि देश के कानून की स्पष्ट मंशा मजदूरों को सहायता पहुंचाने की है।

कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 में नोटिफाइड डिज़िजेज़ को चोट और प्राणघातक दुर्घटना तक माना गया और अधिनियम की धारा 2 के अनुरूप खदान मजदूरों को शेड्यूल के उपबंध वी के अनुसार कम्पेनसेशन का अधिकारी माना गया है। शेड्यूल 3 के पार्ट सी में ब्यवसायिक बीमारियों का उल्लेख है जिसमें समय समय पर भारत सरकार द्वारा गजट नोटिफिकेशन के द्वारा ब्यवसायिक बीमारियों को जोड़ा जाता रहा है।

सिलिकोसिस को भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के नोटिफिकेशन न. एमआई- 41 (74) दिनांक 18 दिसंबर 1956 के द्वारा ब्यवसायिक बीमारी माना गया था। इसी प्रकार नोटिफिकेशन न0 2521 दिनांक 26 जून 1986 को एस्बेस्टोसिस और लंग कैंसर, स्टमक कैंसर, पेलुरा में कैंसर और मेसोथियोलोमा को तथा नोटिफिकेशन न0 399 दिनांक 21 फरवरी 2011 से शोर के कान में सुनने की क्षमता में हानि आदि को भी ब्यवसायिक बीमारी माना है।

अख्तर जावेद उस्मानी ने बताया कि भारत में क्षतिपूर्ति की राशि अत्यंत अल्प है। 18 साल के मजदूर की मृत्यु की दशा में अधिकतम 18 लाख 11 हजार चालीस और साठ साल के मजदूर की मृत्यु की दशा में 7 लाख 94 हज़ार नौ सौ साठ रुपये क्षतिपूर्ति मिलती है। मजदूरों के मरने पर मिलने वाला 15 लाख की अनुग्रह राशि में ब्यवसायिक बीमारियों से मृत्यु में नहीं दिया जाता है। उन्होंने बताया कि 2018 में कोल इंडिया लिमिटेड की त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति में हिन्द मजदूर सभा की ओर से नियुक्त किये जाने के बाद उन्होंने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों में जाकर यह देखा कि हर खदान मे औसतन पांच आदमी मशीनों के शोर से सुनने की क्षमता को खो रहे हैं परंतु उसी शोर में काम करने को मजबूर हैं। फेफड़ों के कैन्सर में पिछले चार सालों में



बीसीसीएल में 57, सीसीएल में पांच और एसईसीएल में 2023 में 13 स्थायी मजदूर पीड़ित हैं। लेकिन बीमारी ग्रस्त मजदूरों को कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी जा रही है। न ही डायरेक्टर जनरल आफ माइंस सेफ्टी को माइन्स एक्ट 1952 की धारा 25 के अनुरूप सूचित किया जा रहा है। एस ई सी एल में 339 विभिन्न प्रकार के कैन्सर के मरीज हैं जिनमें 115 कर्मचारी और शेष उनके आश्रित है। सात अधिकारी भी कैन्सर पीड़ित हैं। इनमें 13 फेफड़ों के कैन्सर से पीड़ित हैं। अखूतर जावेद उस्मानी ने कहा कि 115 कर्मचारियों में से 13 लंग कैंसर केस कुल संख्या का 8.85 प्रतिशत है जो भयावह है।

### उत्पादन की होड़ में जान की परवाह किसे है

उत्पादन की होड़ में जान की परवाह किसे है। बेतहाशा दुर्घटनाये बढ़ रही है। जब मजदूर की जान की कीमत अधिकतम 18 लाख हो तो अरबों रुपये प्रतिवर्ष लाभ कमाने वाली कंपनियों को फ़र्क नहीं पड़ता है। ऐसे में खानों में शोर से, ब्लास्टिंग की नाक वेबस् से पैदा बहरेपन और खानों कोयले की धूल के शिकार कैन्सर मरीज जीवन की गुणवत्ता को खो कर कैन्सर से तिल तिल मर रहे स्थायी मजदूरों को कम्पेनसेशन तक नहीं दिया जा रहा है। अगर औसत में 10 लाख कम्पेनसेशन माने तो ये तीन कंपनियों ने 7.5 करोड़ कम्पेनसेशन के बचा लिये और 1986 से अगर डेटा मिल पाये तो क्षतिपूर्ति अरबों में जायेगी। कोल इंडिया लिमिटेड की एनसीएल, डब्लू सीएल, सीएमपीडीआईएल, एमसीएल और ईसीएल का विवरण अभी नहीं मिल पाया है। ठेकेदारी मजदूरों की बीमारियों और उनके इलाज का डेटा कोल कंपनियां रखती ही नहीं कहीं भी उनके साथ मनुष्य मान कर ब्यवहार भी नहीं किया जा रहा है।

### 1952 से आज तक कोयला खदानों में कभी आक्यूपेशनल हेल्थ सर्वे क्यों नहीं कराया गया है?

वेज बोर्ड में चोट लगने पर पूरा वेतन देने का प्रावधान है। लेकिन लंग कैंसर पेशेंट्स को पूरे कोल इंडिया लिमिटेड में स्पेशल लीव के नाम पर आधा वेतन दिया जा रहा है। जब महारत्न और मिनी रत्न पब्लिक सेक्टर कंपनियों जिनका मालिकाना भारत सरकार के पास है उनका ये हाल है तो प्राईवेट मालिकों के ब्यवहार के बारे में सोच कर दिल दहल उठता है। 1952 से आज तक कोयला खदानों में कभी आक्यूपेशनल हेल्थ सर्वे नहीं कराया गया है जबकि मध्य प्रदेश, राजस्थान की खानों और गुजरात के मोतियों की पालिश करने वाले मजदूरों की सिलिकोसिस से दुर्दशा सामने के बाद डीजीएम एस ने धातु और पत्थर की खानों में माइन्स एक्ट 1952 की धारा 9अ के तहत आक्यूपेशनल हेल्थ सर्वे करवाया और सैकड़ों की संख्या में सिलिकोसिस के मरीजों को चिन्हित किया है।

### अखूतर जावेद उस्मानी ने मजदुरो हित के लिए की मंगा

अखूतर जावेद उस्मानी ने प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री, श्रम मंत्री भारत सरकार को सूचना देते हुये डीजीएमएस और चेयरमैन कोल इंडिया लिमिटेड से मांग की है कि भारत सरकार के 1986 और 2011 की अधिसूचना के अनुसार सभी पीड़ित श्रमिकों को क्षतिपूर्ति दी जाये। वेज बोर्ड के समझौतों के अनुरूप ब्यवसायिक बीमारियों को चोट मान कर इंज्यूरी आन ड्यूटी जैसा न्यूमोकोनियोसिस के केस में किया जाता है उन्हें पूरा वेतन देने तथा मेडिकल अनफिट घोषित करने की मांग की है।

# लोक निर्माण विभाग के द्वारा बड़े पैमाने पर हुआ भ्रष्टाचार

## ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों सुगम सड़क का लाभ दिलाने की योजना का मामला

**» सड़क स्थल पर बनी ही नहीं और अधिकारियों एवं ठेकेदार के द्वारा सड़क की राशि का कर लिया गया बंदरबाट**

- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

लोक निर्माण विभाग के द्वारा सुगम सड़क योजना में भ्रष्टाचार का एक और नया अध्याय जुड़ रहा है इस तरह के कई भ्रष्टाचार का होना लोक निर्माण विभाग के लिए कोई नई बात नहीं इस विभाग में नित नए नए का कारनामे भ्रष्टाचार के देखने को मिलते हैं।

युवा कांग्रेस नेता मनेंद्रगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत मंगोरा में सड़क निर्माण कार्य किए बिना ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इंजीनियर के साथ मिलीभगत कर



सड़क के निर्माण कार्य की राशि का गबन कर लिया गया है।

मनोज शर्मा ने शिकायत पत्र में लिखा कि सुगम सड़क योजना अन्तर्गत खड़गवां विकास खंड के ग्राम मंगोरा पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का ठेकेदार ज्योति केसरवानी को ग्राम के निवासी बबलू के घर से प्राइमरी स्कूल मंगोरा तक 18.82 लाख रुपए की लागत से अप्रोच रोड बनाने का टेंडर मिला था जिसका टेंडर आईडी CG®R18 900 है इसके साथ ही एक और सड़क निर्माण कार्य का ठेका ठेकेदार नमन फ्लाई ऐश ब्रिक इंडस्ट्रीज को प्राइमरी स्कूल मगोरा विकास खंड खंडगवा में 17.61 लाख की लागत से अप्रोच रोड बनाने का टेंडर मिला था जिसका



टेंडर आईडी छ्तद्र्क्त9048 है।

उपरोक्त दोनों सड़क निर्माण कार्य ठेकेदारों को सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत संपूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है परंतु वास्तव में ग्राम पंचायत मंगोरा में एक ही सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। और दूसरे सड़क की राशि बिना सड़क निर्माण कार्य कराएं ही राशि का आहरण कर लिया गया है।

युवा कांग्रेस नेता विधानसभा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मांग किया है कि बिना सड़क निर्माण कार्य किए राशि आहरण करने वाले ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के संलिप्त अधिकारियों के ऊपर एफ आई आर दर्ज कराते हुए उस ठेकेदार एवं उसकी कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाए। और इस सड़क निर्माण कार्य में संलिप्त लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। जिससे इस तरीके के किए जा रहे और हो रहे भ्रष्टाचार में शामिल विभाग के इंजीनियर, एसडीओ सहित सभी अधिकारियों पर भी विभागीय स्तर की कार्यवाही की जाए।

कांग्रेस के युवा नेता मनोज शर्मा का कहना है कि इस तरह के कृत्य से विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जबकि सामने महज कुछ ही माह में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

कांग्रेस युवा नेता मनोज शर्मा ने मांग की है 7 दिनों के अंदर कार्यवाही नहीं की जाती है तो उसी सड़क निर्माण स्थल पर मंगोरा ग्राम वासियों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# लड़की को 10 घंटे के भीतर दस्तयाब करने में दर्री पुलिस को मिली सफलता

- संवाददाता -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

प्रार्थिया दर्री निवासी दिनांक 06.06.23 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक लड़की दिनांक 05.06.2023 को सुबह 09.30 बजे मोबाईल से बातचीत करने से मना करने एवं डाटने पर घर सें बिना बताये कहीं चली गई कि प्रार्थिया रिपोर्ट पर थाना दर्री में अपराध क्रमांक 151 / 23 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।




श्रीमान पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण भापुसे. के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा रा.पु.से., नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिन्सन गुडिया भापुसे. के मार्गदर्शन में गुम बालिका के मोबाईल नम्बर को सायबर सेल कोरबा से लोकेशन लिया गया। जो नागपुर महाराष्ढ में होने की सूचना पर तत्काल थाना से टीम बना कर नागपुर महाराष्ट्र रवाना हुए। नागपुर से गुम बालिका को 10 घंटे के भीतर दस्तयाब कर कोरबा लाया गया और गुम बालिका को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। कोरबा पुलिस के तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्यवाही किया जिससे घर से अकेली निकली बालिका को सुरक्षित बचा लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. चमन सिन्हा थाना प्रभारी दर्री, प्र.आर. 348 संतोष तांडी, आर. 40 सलामुददीन, आर. 767 अशोक चौहान, म. आर. 889 शीतला उईके की अहम भुमिका रही।

# नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत संचालित बक्केट हाल, टेंट हाउस,कैटरिंग सर्विस आदि में 3-आर.प्रिंसिपल का सिद्धांत लागू

**» 3-आर. प्रिंसिपल सिद्धांतः सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल आदि के साथ 200 एम.एल. की पानी बोतले भी रहेगी पूर्णतः प्रतिबंधित**

- राजा मुखर्जी -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।




नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैक्केट हाल, टेंट हाउस, कैटरिंग सर्विस आदि में भी 3-आर.प्रिंसिपल का सिद्धांत कड़ाई के साथ लागू किया गया है, इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि के साथ-साथ 200 एम.एल. तक की क्षमता वाली पानी की बोतलों का उपयोग भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा तथा इसका उल्लंघन होने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित बैक्केट हाल, टेंट हाउस, केटरिंग सर्विस आदि में भी 3-आर. प्रिंसिपल सिद्धांत लागू करते हुए पुनः उपयोग होने वाले केटलरी बर्तन के उपयोग के साथ-साथ 200 मिलीलीटर तक की क्षमता वाली बोतल का उपयोग बंद किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मद्देनजर इसका पालन अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित इन प्रतिष्ठानों व सेवा प्रदाताओं से कहा गया है कि वे शादी विवाह व अन्य आयोजनों तथा सामान्य परिस्थितियों में भी सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि के साथ-साथ 200 एम.एल. क्षमता वाली पानी की बोतलें तथा अन्य प्रतिबंधित केटलरी बर्तन आदि का उपयोग कदापि न करें, इनका उपयोग करते पाये जाने पर निगम द्वारा संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार सतीश साहू सहित प्रेस क्लब पदाधिकारी महिला पत्रकार के साथ किया गया दुर्व्यवहार और मारपीट

**» छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ ने घटना की निंदा कर अपराधी के तत्काल गिरफ्तारी की मांग**

- संवाददाता -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

बिलासपुर के अभिलाषा परिसर में बना शापिंग काम्प्लेक्स इन दिनों शहर और स्थानीय नशेड़ियों के लिए सुरक्षित अड्डा बन गया है।जहां चरस,गांजा,कोकीन जैसे नशे का सेवन खुलेआम किया जा रहा है और माहौल खराब किया जा रहा है। जिससे कालोनी के निवासी परेशान है और प्रतिदिन दुर्व्यवहार और छेड़खानी के शिकार हो रहे है। ऐसी ही एक घटना 07 जून बुधवार को प्रेस क्लब पदाधिकारी ऋतु साहू और छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के संभागीय महासचिव वरिष्ठ पत्रकार




सतीश साहू के साथ घटित हुई। बुधवार की रात 8 बजे आदतन अपराधी अभिलाषा परिसर निवासी नशेड़ी प्रतापसिंह परिहार ने उधारी के पैसे देने से इनकार करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए पत्रकारों से मारपीट की और दो कौड़ी के पत्रकार 100-100 रुपए में बिकने वाला बताया। वहां रखे डंडे कुर्सी और लोहे से हमला कर दिया जिससे पत्रकार सतीश साहू को नाक आंख के पास गम्भीर चोटें आई इस दौरान उक्त नशेड़ी ने महिला पत्रकार श्रीमती ऋतु के साथ भी झूमाझटकी की।

छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी और संभागीय अध्यक्ष गणेश विश्वकर्मा ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से अपराधी को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर दण्डात्मक कारवाही करने की मांग की है ताकि अपराधियों के हौसले बुलंद न हो और उनके द्वारा ऐसे कुत्सित प्रयास की पुनरावृत्ति न हो। घायल पत्रकार द्वारा मामले की जानकारी देने के लिए 112 और सिरगिट्टी थाने को खबर की गई पर कोई रिस्पांस नही मिला। तब मामले की रिपोर्ट सिरगिट्टी थाने में जाकर की गई ,जहां 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मारपीट करने वाले अपराधी की काउंटर रिपोर्ट पर पुलिस ने 427, 34 जैसी धाराएं पीड़ित के खिलाफ ही लगा दी।जबकि प्रार्थी ऋतु साहू, सतीश साहू द्वारा पहले ही मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मी को दुकान में तोड़फोड़, मारपीट, महिला से दुर्व्यवहार के बारे में रिपोर्ट में लिखने को कहा गया था जिसे सिरगिट्टी पुलिस द्वारा नहीं लिखा गया। उक्त मामले की शिकायत ऋतु साहू ने आज महिला थाने में की साथ ही एडिशनल एसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और कारवाही की मांग की है।

# श्री राम दरबार में 12 जून को विराजेंगे प्रभु श्री राम,11 जून को निसान यात्रा का आयोजन



- संवाददाता -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा शहर में 12 जून को होने वाले भव्य श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरा कोरबा शहर राम जी के आगमन के स्वागत की तैयारियों को लेकर अपने अंतिम चरण पर है। जिसके तहत 11जून को निसान यात्रा का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव को मूर्त रूप देने के लिए जहां विभिन्न बैठकों के माध्यम से महिलाएं, युवा वर्ग, वरिष्ठ जन, धर्मप्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं वही शहर विधायक जयसिंह अग्रवाल एवं नगर निगम कोरबा की पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में भी भव्य श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के कार्य को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। 11 जून 2023 दिन रविवार को भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य निशान यात्रा दोपहर 03:30 से श्री श्याम मंदिर मिशन रोड कोरबा से प्रारंभ होगी, जो कि शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए डीडीएम स्कूल के सामने श्री राम दरबार पहुंचेगी एवं इस निशान यात्रा के मार्ग में जहां जगह- जगह लोग राम भक्तों का स्वागत करेंगे तो वहीं पूरे कोरबा शहर में निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा भी की जाएगी तथा भव्य निशान यात्रा के आयोजन की जिम्मेदारी देख रहे राम भक्तों ने समस्त महिलाओं को लाल या भगवा रंग के वस्त्र तथा पुरुष वर्ग को कुर्ता पायजामा पहनकर शामिल होने की अपील की है। स्वयं कोरबा विधायक सह कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी इस पूरे आयोजन को सफल बनाने तथा आम जनों की सहभागिता इसमें करवाने की दिशा में प्रत्येक वर्ग के लोगों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं द्य यह पहली बार होगा जब कोरबा शहर में आ रही देश-दुनिया की सुप्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी को सुनने के लिए भी अन्य राज्यों एवं जिलों से लोग इस कार्यक्रम में पधारेंगे, तथा कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए जहां जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन भी तैयारियों में जोर-शोर से जुटा हुआ है,वहीं यह धार्मिक आयोजन कोरबा शहर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, जिसमें निशान यात्रा एवं शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र जी का दीदार करेंगे।

# एनटीपीसी कोरबा द्वारा विगत 40वर्षों से भूविस्थापितों को किया जा रहा गुमराह

**» जमीन अधिग्रहण कर प्लांट का विस्तार कर दिया गया पर भू विस्थापितों को 40 वर्षों बाद भी नौकरी नहीं दी गई**

- राजा मुखर्जी-
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

एनटीपीसी द्वारा सन् 1978-79 में अधिग्रहण के पश्चात 4 सितंबर 1979 में आम सूचना, नौकरी लेने संबधित जारी किया गया। उस समय कोई पॉलिसी नही थी सिर्फ नौकरी का ही जिक्र था द्य परन्तु नौकरी मांगने पर भू विस्थापितों के लिए एनटीपीसी द्वारा दिनांक 19.06.1980 में पॉलिसी बनाई गई जिसमें नौकरी, दुकान व छोटा ठेका कार्य का जिक्र था। परंतु नौकरी को छोड़कर बाकी अन्य को भू विस्थापितों को लेने के लिए विवश किया जाता रहा है। एनटीपीसी कोरबा प्लांट की शुरुआत में लगभग 2500 से अधिक कर्मचारी थे और समय अब कर्मचारी घटने के बावजूद नौकरी की मांग किये जाने पर, रिक्तियां नही कह कर भू विस्थापितों के साथ साथ शासन और प्रशासन को भी गुमराह किया जाता है। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा के एनटीपीसी सीपत बिलासपुर के 33 भू विस्थापितों को एनटीपीसी कोरबा में ट्रेनिंग के नाम पर सन् 2015 से अब तक नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत है और 8 साल के बाद भी इनके बारे जानकारी मांगने पर जानकारी कोई जानकारी नही है कहकर एनटीपीसी कोरबा के भू विस्थापितों को गुमराह किया जा रहा है इसलिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे भू विस्थापितों द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा के नाम से आम सूचना वादा अनुसार नौकरी तथा बचे हुए जमीन की मुआवजा व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर 11 अप्रैल 2023 को रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से पत्र भी दिया गया था जिसमें मांग पूरी नहीं होने पर दिनांक 22 अप्रैल 2023 को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर तानसेन




चौक कोरबा में बैठने की भी जानकारी दी गई थी, जिसकी सूचनार्थ प्रति 11 अप्रैल 2023 को महामहिम मान. राज्यपाल छ.ग,श्रीमान कलेक्टर कोरबा, श्रीमान पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा व कटघोरा को दी गई थी पर दुर्भाग्यवश भू विस्थापितों की मांग पर किसी भी प्रकार की पहल नही किए जाने पर दिनांक 22 अप्रैल 2023 से तानसेन चौक कोरबा 06 भू विस्थापित राजन पटेल, विनय कुमार कैवर्त, रामकृष्ण केवट, गणेश कुमार केवट, राकेश कुमार केवट व घसिया राम केवट, अपने परिवार के सदस्यों के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर तानसेन चौक कोरबा में भीषण गर्मी में बैठे हुए है।उन्होंने कहा के जनशिकायत के तहत हमारी मांग को लेकर महामहिम मान. राज्यपाल छ.ग द्वारा दिनांक 18.04.2023 को श्रीमान कलेक्टर कोरबा से मांग को लेकर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए भू विस्थापितों को उनकी जानकारी देने को कहा गया है। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए भू विस्थापितों को 50 दिन हो रहे है, अभी तक जांच की जानकारी नही दी गई है।जिला प्रशासन से मांग है कि एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन से अधिग्रहित ग्राम चारपारा के लगभग सम्पूर्ण जमीन, और मुआवजा पत्रक व वितरण पत्रक तथा आम सूचना व अन्य सूचना की जांच करवा कर आवेदकों को,नौकरी व बचे जमीन की मुआवजा व क्षतिपूर्ति जल्द से जल्द से दिलाई जाए अन्यथा जब तक हमारी मांग पूरी नही हो जाती है, तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेंगें।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला जल एवं स्वच्छता सरगुजा की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखि (पम्प स्थापना, टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन कार्य तथा अन्य कार्य) हेतु पत्रक 'अ' (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आर्मंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सिस्टम नं. | ब्लाक | ग्राम | लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18 | 137138 | उदयपुर | पलका | 163.61 |
| 2 | 19 | 137266 | उदयपुर | करौंधी | 119.49 |
| 3 | 20 | 137268 | अम्बिकापुर | तिहपटरा | 77.73 |
| 4 | 21 | 137269 | लुण्ड्रा | आसनडीह | 158.86 |
| 5 | 22 | 137273 | लुण्ड्रा | जमोनी | 126.19 |
| 6 | 23 | 137308 | लुण्ड्रा | कर्रा | 189.47 |
| 7 | 24 | 137311 | लखनपुर | बेलदगी | 183.99 |
| 8 | 25 | 137322 | लुण्ड्रा | सहनपुर | 190.02 |
| 9 | 26 | 137328 | सीतापुर | बमलाया | 88.03 |
| 10 | 27 | 137331 | उदयपुर | डांडगांव | 157.17 |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि 23/06/2023 समय :- 17:30 बजे तक। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा के सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी.नं.-02175/3

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर ,जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विदया देवी गुप्ता पति स्व0 रामआसरे गुप्ता निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 312/1 रकबा 0.040 हे0 में से रकबा 0.016 हे0 भूमि को अनावेदक सुशील गुप्ता आ0स्व0 रामआसरे गुप्ता निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.06.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# चोरों ने इलाहाबाद बैंक को बनाया निशाना,सफल न होने पर कपड़ों के गोडाउन पर किया हाथ साफ






- संवाददाता -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर स्थित इलाहाबाद बैंक में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया पर चोर कामयाब नहीं हो पाए। चोरों को जब अपने मंसूबों पर कामयाबी नहीं मिली तो उन्होंने ऊपर में संचालित एक कपड़ा गोदाम में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जहां चोरों ने लैपटॉप, कपड़ा सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। सुबह होने पर चोरी की सूचना सीएसईबी पुलिस चौकी को दी गई जिसपर सीएसईबी चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रशासनिक अधिकारी पर पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप,दर्ज हुआ एफआईआर

- संवाददाता -
कोरबा, 10 जून 2023 (घटती-घटना)।




कोरबा निवासी नव ब्याहता ने अपने आईएएस पति के विरूद्ध काफी गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना और एसपी स्तर पर सुनवाई नहीं होने से व्यथित होकर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। पीड़िता के द्वारा दायर किए गए परिवाद एवं अधिवक्ता शिवनारायण सोनी के द्वारा प्रस्तुत किए गए न्याय दृष्टांतों के आधार पर न्यायाधीश ने नव ब्याहता के आईएएस पति के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना एवं अप्राकृतिक कृत्य के अपराध में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। तेलंगाना कैडर के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार झा का मूल निवास दरभंगा बिहार है। कोरबा निवासी युवती के साथ विवाह 21 नवंबर 2021 को मूल निवास दरभंगा में संपन्न हुआ था। विवाह में वधु पक्ष के द्वारा 1 करोड़ 70 लाख रुपए खर्च किए गए लेकिन इसके बाद भी ससुराली जन खुश नहीं हुए। आरोप है कि पीड़िता के साथ बलपूर्वक अप्राकृतिक कृत्य किया गया एवं मारपीट भी की जाती रही। पीड़िता द्वारा कहीं से भी न्याय न मिलने पर न्यायालय की शरण ली गई। न्यायालय में पीड़िता की ओर से अधिवक्ता शिवनारायण सोनी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों व न्याय दृष्टांतों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार सूर्यवंशी ने आवेदन स्वीकार करते हुए संदीप कुमार झा के विरूद्ध धारा 498 क, 377 भादवि के तहत प्रथम सूचना दर्ज करने एवं शीघ्र जांच कार्यवाही कर अंतिम प्रतिवेदन पेश करने सिविल लाइन रामपुर थाना को आदेशित किया है।

# भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में जापान को 1-0 से हराया

## जूंनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 के फाइनल के लिए क्वॉलीफाई किया



**नई दिल्ली,10 जून 2023।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शनिवार को काकामीगहारा, गिफू प्रीफेक्चर, जापान में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान जापान को 1-0 से हरा दिया। खेल का एकमात्र गोल सुनिलिता टोप्पो (47%) ने किया।
इस जीत का मतलब है कि भारतीय टीम दूसरी बार प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेगी, जो पहले 2012 में फाइनल में पहुंची थी।
हॉकी इंडिया के अनुसार, भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर एफआईएच जूनियर हॉकी महिला विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर, 2023 तक चिली के सैंटियागो में आयोजित किया जाएगा, महिला जूनियर एशिया कप से शीर्ष तीन टीमों के रूप में 2023 को जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए निर्धारित किया गया था।
भारत तुरंत आक्रामक हो गया और जापान को दबाव में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण खेल खेला। हालाँकि, मेजबान न केवल भारत को शुरुआती बढ़त लेने से रोकने के लिए दृढ़ रहे, बल्कि उन्होंने भारत पर दबाव बनाने के लिए गोल करने के अवसर भी बनाने शुरू कर दिए।
जापान ने भी कुछ पेनल्टी कार्नर जीते लेकिन उन्हें बदलने में असफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।
दूसरी तिमाही पहले की तरह ही तीव्र थी, दोनों टीमों ने गतिरोध को तोड़ने के लिए लगातार हमला किया। जापान दो बार गोल करने के करीब पहुंच गया लेकिन भारत की गोलकीपर माधुरी किंडो ने कुछ बेहतरीन जतन कर मेजबान टीम को नेट के पीछे जाने से रोक दिया।
विशेष रूप से, न तो भारत और न ही जापान दूसरे क्वार्टर में स्कोर करने में सक्षम थे क्योंकि दोनों पक्ष 0-0 के स्कोर के साथ आधे समय के ब्रेक में चले गए थे।
तीसरी तिमाही में जापान ने कब्ज़ा बनाए रखा और भारत को बैकफुट पर रखने के लिए अधिक हमले किए। हालाँकि, भारतीय टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिलने पर बढ़त लेने का सही मौका मिला, लेकिन वे इसे भुनाने में नाकाम रहे।
कई मौके बनाने के बावजूद दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं क्योंकि तीसरा क्वार्टर भी गोलरहित समाप्त हुआ।
चौथा क्वार्टर भारत के खेल में हावी होने के साथ शुरू हुआ और इसका भुगतान तब हुआ जब सुनीता टोप्पो (47%) ने भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाने के लिए एक शानदार मैदानी गोल किया।
उनके पक्ष में स्कोरलाइन के साथ, भारत ने जापान को बराबरी का जाल लगाने से रोकने के लिए अधिक आक्रामक तरीके से खेलते हुए अपना ध्यान कब्जे में रखने पर केंद्रित कर दिया और रणनीति ने लाभांश का भुगतान किया क्योंकि मैच भारत के पक्ष में 1-0 से समाप्त हो गया।
भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अब 11 जून को 14:30 बजे आईएसआई महिला जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल में चीन या कोरिया के खिलाफ खेलेगी।

# रवींद्र जडेजा ने टेस्ट श्रृंखला में रचा इतिहास

**» दिग्गज क्रिकेटर को पीछे छोड़ हासिल की यह खास उपलब्धि**

**नई दिल्ली,10 जून 2023।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धी हासिल की है। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों के बीच खेल के इतिहास में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रवींद्र जडेजा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल में सीम-फ्रेंडली ट्रैक पर विकेट हासिल करने में कामयाब रहे।

### हासिल की उपलब्धी



ऑलराउंडर ने यह उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने दूसरी पारी में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड को आउट किया। भारतीय ऑलराउंडर मौजूदा डब्ल्यूटीसी फाइनल में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पहली पारी में 48 रन बनाने के बाद, अनुभवी क्रिकेटर ने दिन के अंतिम सत्र में दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर गेंद से प्रभावित किया। जडेजा ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड को आउट किया। इन दो विकेट के साथ, जडेजा भारतीय स्पिन महान बिशन सिंह बेदी के 266 टेस्ट स्कैलप्स को पीछे छोड़ते हुए अब तक के सबसे सफल भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर बन गए है।

### 8 बार स्टीव स्मिथ को आउट भी किया

दूसरी पारी में अपने दो विकेट लेने के बाद, रवींद्र जडेजा न केवल बिशन सिंह बेदी से आगे निकल गए हैं, बल्कि अब केवल रंगना हेराथ, डेनियल विटोरी और डेरेक अंडरवुड से पीछे हैं। इस रिकॉर्ड के अलावा, उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 8 बार स्टीव स्मिथ को आउट भी किया, जो स्टुअर्ट ब्रॉड (9) के बाद दूसरा सबसे ज्यादा है। जिस तरह का प्रदर्शन उन्होंने आज गेंद के साथ दिखाया, उससे चौथे दिन गेंद के साथ बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

### मैच में क्या हुआ

अजिंक्य रहाणे (89) और शारदुल ठाकुर (51) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी से भारत विश्व टेस्ट चैम्पियन शिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 120 रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पहली पारी में 469 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने भारत की पहली पारी को 296 रन पर समेट कर 173 रन की बढ़त कायम करने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक अपनी कुल बढ़त 296 रन की कर ली है। भारत को मैच में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के बाकी बचे छह विकेट जल्दी चटकाने होंगे और फिर बल्लेबाजों से प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करनी होगी।


# एशियाई खेलों से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी,स्पेन का दौरा करेगी

**नई दिल्ली,10 जून 2023।** भारतीय महिला सीनियर हॉकी टीम इस साल जुलाई में जर्मनी दौरे के आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए फ्रैंकफर्ट जाएगी। सप्ताह भर के दौरे के दौरान, भारतीय महिला टीम पहले रसेलशेम, फ्रैंकफर्ट में प्रशिक्षण लेगी, जिसके बाद जर्मन और चीनी राष्ट्रीय टीमों के खिलाफ टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। जर्मनी में इस एक्सपोजर दौरे के बाद, टीम भारत वापस जाने से पहले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और स्पेन के खिलाफ चार देशों के टूर्नामेंट को खेलने के लिए टेरासा, स्पेन जाएगी।



जर्मन दौरा भारतीय टीम को आगामी एशियाई खेलों की तैयारी में मदद करेगा, जो हॉकी के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन इवेंट भी है। एक बयान में कहा गया, ÷राष्ट्रीय खेल महासंघ योजना के लिए युवा मामलों और खेल मंत्रालय की सहायता के तहत अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर टूर को वित्त पोषित किया जा रहा है और इसमें टीम और सहायक कर्मचारियों की हवाई यात्रा लागत, वीजा शुल्क, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, भोजन खर्च, स्थानीय खर्च शामिल होंगे। परिवहन लागत, और अन्य लागत जो टीम को लग सकती हैं।
जर्मनी का दौरा 12 जुलाई से 19 जुलाई, 2023 तक होने वाला है।

# फीफा महिला विश्व कप 2023 और पुरूष विश्व कप 2026 का आधिकारिक बियर प्रायोजक बना एबी इनबेव



**नई दिल्ली,10 जून 2023।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने महिला फुटबॉल विश्व कप 2023 और फीफा विश्व कप 2026 के लिए एबी इनबेव के साथ आधिकारिक बीयर प्रायोजक के रूप में करार किया है।
फीफा महिला विश्व कप अगले महीने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मेजबानी में शुरु होगा, जिसमें 32 टीमें पहली बार प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस बीच, फीफा विश्व कप 2026, कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के 16 शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और 104 मैच खेले जाएंगे। तीन देशों द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह पहला विश्व कप होगा।
एबी इनबेव के मुख्य विपणन अधिकारी मार्सेल मार्कोन्डेस ने कहा, फीफा विश्व कप टूर्नामेंट दुनिया में सबसे लोकप्रिय खेल आयोजन हैं। हम दुनिया भर के प्रशंसकों और फुटबॉल से गहराई से जुड़े हुए हैं, यही वजह है कि हम फीफा के साथ संबंध बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। अरबों फुटबॉल प्रशंसकों के लिए एक बीयर पर खुश होना और जश्न मनाना अनुभव का एक हिस्सा है। हमें प्रशंसकों के साथ जुड़ने के नए, सार्थक तरीके पेश करते हुए गर्व हो रहा है।
फीफा के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रोमी गाई ने कहा, हमें इस सफल साझेदारी को नवीनीकृत करने पर गर्व है, जो निस्संदेह 2023 और 2026 में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। हमारे सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रायोजकों में से एक के रूप में, एबी इनबेव के निवेश से खेल को लाभ होगा, साथ ही हमारे सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों के दौरान फुटबॉल प्रशंसकों के अनुभव में रचनात्मकता और उत्साह आएगा।



# भारत एशिया कप तीरंदाजी के तीसरे चरण में पांचवें स्थान पर रहा

## छह रजत और एक कांस्य के साथ करना पड़ा संतोष

**सिंगापुर ,10 जून 2023।** भारतीय तीरंदाज एशिया कप के तीसरे चरण में कोरिया और चीन के खिलाफ अपने सभी छह फाइनल मैच में शनिवार को दबाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके और पदक तालिका में अपने अभियान को पांचवें स्थान के साथ खत्म किया।
भारत एक भी स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहा लेकिन टीम ने छह रजत पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। तीरंदाजी 'पावर हाउस' कोरिया चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारत को दिन के शुरुआती मुकाबले में कोरिया से शिकस्त मिली। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीपिका की भारतीय महिला कम्पाउंड टीम को इस मुकाबले में 232-234 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के कम्पाउंड मुकाबले में भी भारतीय टीम को 235-238 से पराजय का सामना करना पड़ा। रिकर्व महिला टीम भी फाइनल में कोरिया की चुनौती से पर नहीं पा सकी। रिधि फोर, रूमा बिस्वास और अदिति जायसवाल को 3-5 से हार का सामना करना पड़ा।भारत की पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन से 1-5 से हार गयी। पार्थ सालुंके को पुरुष रिकर्व मैच में चीन के क्यूई जियांगशुओ ने 6-2 से हराया। भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाज रूमा बिस्वास चीन की एएन किजुआन से 2-6 से हार गयी प्रगति ने कम्पाउंड महिला व्यक्तिगत तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी टीम की साथी दीपशिखा को 147-146 से हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

# वेस्ट इंडीज ने यूएई को 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**शारजाह ,10 जून 2023।** एलिक अथानाज ने वेस्टइंडीज के लिए धमाकेदार और रिकॉर्ड-बराबरी करने वाले अर्धशतक के साथ शानदार शुरूआत करते हुए यहां शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे वनडे में संयुक्त अरब अमीरात पर चार विकेट से जीत और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप दिला दी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के क्रुणाल पांड्या द्वारा बनाए गए एकदिवसीय पदार्पण के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।ड्ड्ह्यश्च ऋद्धड्डस्र - 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के करीब पहुंचे जोकोविच ने कहा..अब नजरें अगला मैच जीतने पर अथानाजे ने अपनी पहली 11 गेंदों का सामना करते हुए 30 रन बनाए, और 45 गेंदों में 65 रन बनाए, क्योंकि वेस्टइंडीज ने शुक्रवार रात श्रृंखला स्वीप को पूरा करने के लिए 89 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात के 185 के लक्ष्य का सफल पीछा किया। 24 वर्षीय अथानाजे को भारत के भविष्य के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल से आगे अंडर19 विश्व कप 2018 में सर्वाधिक 418 रन



बनाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरूआत के लिए इंतजार करना पड़ा। अथानाजे को अभी वेस्टइंडीज के लिए एक टेस्ट या टी20 में भाग लेना है, लेकिन अब उन्हें राष्ट्रीय सेटअप के लिए एक रोमांचक संभावना के रूप में देखा जा रहा है। वेस्टइंडीज ने भी केविन सिंक्लेयर को श्रृंखला में पहली बार बड़ी सफलता के लिए लाइन-अप में बुलाया, क्योंकि ऑफ स्पिनर ने 7.1 ओवर में 4/24 लिया।ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 302 रन से आगे किया 23 वर्षीय ने रमीज शहजाद (27) को यूएई के 142/3 के स्कोर पर आउट कर दिया और इसके तुरंत बाद वृत्य अरविंद (70) का महत्वपूर्ण विकेट निकाल दिया। सिंक्लेयर ने अपने चौथे एकदिवसीय मैच में प्रभावित करने के अपने मौके का पूरा फायदा उठाया। अथानाजे और सिंक्लेयर दोनों को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए वेस्टइंडीज टीम से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 18 जून से जिम्बाब्वे में खेला जाएगा, जिसमें वेस्टइंडीज अपने अभियान की शुरूआत उस दिन यूएसए के खिलाफ करेगा। वेस्टइंडीज ग्रुप ए में 22 जून को नेपाल, 24 जून को जिम्बाब्वे और 26 जून को नीदरलैंड से भिड़ेगा, जिसमें शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में आगे बढ़ेंगी। क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में शीर्ष दो टीमों को इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह मिलेगी।

# अभिषेक बच्चन ने फिर मिलाया सुजॉय घोष से हाथ

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे हैं। अभिनेता को दसवीं में उनकी अदाकारी के लिए सराहा गया तो ब्रीद इंटू द शैडो के दूसरे सीजन में भी वह कमाल के लगे। इन दिनों अभिनेता रेमो डिसूजा के साथ डांसिंग डैड की शूटिंग में व्यस्त चल रहे है। इसके बीच अब खबर आ रही है कि वह फिल्म निर्माता सुजॉय घोष के साथ एक फिल्म के लिए फिर हाथ मिला रहे हैं।



सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने हाल ही में इस परियोजना पर बातचीत करना शुरू कर दिया है। दोनों ही इस थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आना चाहते हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो इस साल के अंत तक इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। सूत्र के मुताबिक, अंतिम स्क्रिप्ट पर अभी काम किया जा रहा है, जबकि सुजॉय बाकी चीजों पर भी साथ में ही काम कर रहे हैं।
दिलचस्प बात यह है कि अभिषेक और सुजॉय दोनों पहले भी साथ में काम कर चुके हैं और ऐसे में दोबारा साथ आने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने 2021 में आई क्राइम-थ्रिलर बॉब बिस्वास में साथ काम किया था। दीया अन्नपूर्णा घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सुजॉय ने इसकी कहानी और पटकथा लिखने के साथ फिल्म का निर्माण किया था, वहीं शाहरुख खान भी इस फिल्म के निर्माता थे। बीते साल आई दसवीं का भी सीक्वल लाने की तैयारी है और इसका नाम बारहवीं बताया जा रहा है।
रिपोर्ट के मुताबिक, सीक्वल पर काम चल रहा है और जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। निर्देशक तुषार जलोटा फिल्म की पटकथा पर काम कर रहे हैं। अभिषेक आर बाल्की की घूमर की शूटिंग पूरी कर चुके हैं, जिसमें वह सैयमी खेर के साथ नजर आएंगे। इसके बाद वह डांसिंग डैड में नोरा फतेही के साथ दिखाई देंगे। इसके अलावा वह अजय देवगन की भोला के दूसरे भाग और साजिद नाडियावाला की हाउसफुल 5 में नजर आ सकते हैं। उन्होंने निर्देशक शूजित सरकार के साथ भी उनकी अगली फिल्म के लिए सहयोग किया है, जिसके अगस्त में शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

# स्टाइलिश आउटफिट में राधिका मदान की कूल तस्वीरें वायरल, फैंस की बढ़ी दिलों की धड़कनें



राधिका मदान अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, ग्रीन कलर की लेटेस्ट आउटफिट में एक्ट्रेस की बेहद ही स्टनिंग तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान ग्रीन और व्हाइट कलर के कॉम्बिनेशन में बेहद ही स्टनिंग तस्वीरों में गजब ढाहती नजर आ रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस राधिका मदान अपने किलर अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। टीवी सीरियल मेरी आशिकी तुम से ही से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान फिल्मों में भी जलवा बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान अब बॉलीवुड में भी अपने झंडे गाड़ रही हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती के दम पर एक्ट्रेस कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं, राधिका मदान ने फिल्म पटाखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके दमदार रोल की सबने सराहना की। राधिका मदान फिल्म अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत, मोनिका ओ माई डार्लिंग में नजर आ चुकी हैं। राधिका मदान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, राधिका मदान का लेटेस्ट फोटोशूट देखकर फैंस उनकी खूबसूरती के कायल हुए जा रहे हैं। रेड बिकिनी में एक्ट्रेस राधिका मदान बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। फैंस उनकी टोंड बॉडी के दीवाने बने हुए हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान की फैन फॉलोइंग 3.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं।प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी कामयाबी का परचम लहराया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं।





चर्चा है कि प्रियंका चोपड़ा निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली है। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होने वाली है।बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी लेकिन बात नहीं बनी। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रियंका, जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर इस फिल्म के अलावा 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' में उनके साथ सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी नजर आने वाली है।

# ब्लडी डैडी रिव्यू:एक्शन पर जोर और शाहिद का अभिनय बेजोड़,लेकिन कहानी कमजोर

पिछले काफी समय से शाहिद कपूर फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार ब्लडी डैडी 9 जून को जियो सिनेमा पर आ गई है। फिल्म में रोनित रॉय, राजीव खंडेलवाल, डायना पेंटी और संजय कपूर भी नजर आए हैं। फ्री में फिल्म देखने से पहले पढ़िए इसका रिव्यू।
फिल्म में शाहिद (सुमेर) एक अंडरकवर एजेंट है। उनका किरदार उनकी फिल्म कबीर सिंह की याद दिलाता है। फर्क सिर्फ इतना है कि कबीर अपनी गर्लफ्रेंड के लिए जुनूनी था, वहीं सुमेर की जान उसके बेटे में बसती है। वह उसके लिए किसी भी हद तक जा सकता है। एक बाप-बेटे का रिश्ता कितना खास होता है, फिल्म में यह दिखाने की कोशिश की गई है। हालांकि, उनके संबंधों पर ज्यादा जोर नहीं दिया गया है।
सुमेर अपने दोस्त (जीशान सिद्दीकी) संग ड्रग्स ले जा रही एक कार का पीछा करते हुए कोकेन से भरा बैग अपने कब्जे में लेता है, जो ड्रग्स का धंधा करने वाले सिकंदर (रोनित रॉय) का होता है। सुमेर की जिंदगी तब थम जाती है, जब उस बैग को वापस लाने के लिए सिकंदर उसके बेटे का अपहरण कर लेता है। अब सुमेर अपने बेटे को बचाने के लिए क्या-क्या पैंतरे अपनाता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।




फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा है, जिसने एक्शन दृश्यों में जान फूंक दी है। एक्शन कोरियोग्राफी की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। एक्शन ही फिल्म में आकर्षण का केंद्र है। फिल्म में शाहिद किलिंग मशीन बन जिस तरह से गुंडों को हवा में उछाल रहे हैं, वो देखते ही बनता है। दूसरी तरफ होटल के कर्मचारियों के साथ शाहिद की बातचीत भी मजेदार है। क्लाइमैक्स के बीच में बुना गया बादशाह का गाना सुनने में बढ़िया लगता है।
शाहिद का किरदार फिल्म के नाम से पूरा मेल खाता है। वह ब्लडी भी हैं और डैडी भी। उन्होंने हर भाव को बखूबी पकड़ा और कायदे से पर्दे पर उतारा। एक बेबस, हिंसक और क्रूर पिता के रूप में वह खूब जमे। उनकी आक्रामकता, चपलता, जूनुन और अतरंगीपना देखते ही बनता है। कुल मिलाकर शाहिद अपने किरदारों के लिए सारी हदें तोड़ रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने अपनी अदाकारी के सबसे ऊंचे आसमान से दर्शकों को रूबरू कराया है।

CMYK

## अब आय और जाति प्रमाण-पत्र के लिए पटवारी की जरूरत नहीं

# आय एवं जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में अस्थाई निर्देश जारी

» सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया दिशानिर्देश

» मुख्यमंत्री बघेल ने दिशा निर्देशों के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के दिया निर्देश

**रायपुर, 10 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पटवारी हड़ताल से पटवारियों के वापस नहीं आने के कारण जनसामान्य को आय एवं जाति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जाने में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए आय एवं जाति प्रमाण पत्र तैयार किए जाने के संबंध में अस्थायी दिशानिर्देश प्रसारित किए गए हैं। आदेश में उल्लेखित है कि छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता अधिनियम 1979 लागू किये जाने के पश्चात् भी कतिपय पटवारी हड़ताल से वापस नहीं आए हैं, जिसके कारण जनसामान्य को आय एवं जाति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जाने में असुविधा हो रही है। चूंकि वर्तमान समय में शासकीय सेवाओं में भर्ती एवं शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए आय एवं जाति प्रमाण पत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, अतः आगामी आदेश पर्यंत आय एवं जाति प्रमाण पत्र तैयार किए जाने के संबंध में अस्थायी निर्देश प्रसारित किया गया है।





जाति प्रमाण पत्र के लिए वांछित भू-अभिलेख, मिसल, अभिलेख, जनगणना अभिलेख, दाखिल खारिज रजिस्टर, जमाबंदी एवं खसरे की नकल जिसमें आवेदक एवं उसके परिवार के किसी सदस्य की जाति अंकित है की आवश्यकता सामान्यतः होती है। उपरोक्त सभी दस्तावेज जिला कार्यालय के अभिलेखागार में एवं अन्य विभागों के विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध है। अतः यह उचित होगा कि ऐसे दस्तावेज पटवारी से प्राप्त करने के लिए आवेदकों को बाध्य ना करते हुए उनके द्वारा ऑनलाइन या जिला रिकॉर्ड रूम से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाए। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) नियम, 2013 के नियम 3 के अनुसार आवेदक से वंशावली प्राप्त करने के निर्देश हैं। यदि यह वंशावली अभिलेखों से पुष्ट है, तो इसकी आवश्यकता भी नहीं है, तथापि फिर भी आवश्यक होने पर ऐसी वंशावली ग्राम पंचायत के सचिव अथवा ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर स्वीकार करते हुए आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

इसी तरह आय प्रमाण पत्र के लिए वांछित दस्तावेजों में नौकरीपेशा व्यक्ति के लिए उनके द्वारा अंतिम वित्तीय वर्ष का आयकर रिटर्न लिया जा सकता है अथवा उनके नियोक्ता के द्वारा जारी वार्षिक आय की जानकारी को मान्य करते हुए आय प्रमाण पत्र जारी किए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों खेतिहर मजदूरों, छोटे कृषकों को आय प्रमाणपत्र के लिए उनके द्वारा यदि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सूची में नाम होने अथवा ऐसा राशन कार्ड होने अथवा मनरेगा जॉब कार्ड होने अथवा श्रमिक का कार्ड होने पर यदि आवश्यक हो तो सरपंच / पंचायत सचिव / पार्षद से भी आय के समर्थन के लिये प्रमाण पत्र प्राप्त कर इन दस्तावेजों के आधार पर आवेदकों को आय का प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्थिति में इन प्रमाण पत्र के लिये आवेदकों से ऐसे दस्तावेजों की मांग नहीं की जावे जिसकी पूर्ति के लिये आवेदक को पटवारी के प्रतिवेदन पर निर्भर होना पड़े। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उपरोक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश आगामी आदेश पर्यंत प्रभावशील रहेगा।

# 10 वीं-12 वीं के टॉपर्स बच्चों ने की हैलीकॉप्टर से सैर

» हौसलों की उड़ान से सपनों को मिले पंख

» 89टॉपर बच्चों ने किया हेलीकॉप्टर जॉयराइड

**रायपुर, 10 जून 2023(ए)।** मन में यदि हौसलों की उड़ान हो तो सपनों को पंख तो जरूर मिलते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप 10 और 12 वीं के टॉपर बच्चों ने रायपुर स्थित पुलिस ग्राउंड में हेलीकॉप्टर जॉयराइड किया। उत्साहित बच्चों के लिए यह सफर काफी रोमांचकारी रहा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2023 की कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में जगह बनाने वाले 89 विद्यार्थियों ने राजधानी के पुलिस परेड ग्राउण्ड से हेलीकॉप्टर द्वारा जॉयराईड किया।

बच्चों ने साझा किए अनुभव

कोरबा जिले के विशेष पिछड़ी बिरहोर जनजाति के कक्षा 12 वीं के छात्र सुकसम ने बताया की मुख्यमंत्री की ये पहल काफी अच्छी है। इससे हम जैसे और भी पिछड़े समुदाय से आने वाले लोगों को प्रावीण्य सूची में आने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ की कक्षा 12 वीं की छात्रा प्रिया रोहरा ने हेलीकॉप्टर ज्यायराइड के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा छोटे से शहर से आकर यहाँ हेलीकॉप्टर में बैठना किसी सपने से कम नही है।



शक्ती जिले की कक्षा 12 वी की टॉपर श्रेया पांडे ने बताया कि हेलीकॉप्टर में बैठकर सफर करना काफी रोमांचक रहा, भविष्य में और अच्छी पढ़ाई के लिए मुझे प्रोत्साहन मिला है। शक्ती जिले के बाराद्वार की छात्रा पायल यादव ने बताया कि 10 वीं कक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रावीण्य सूची में आने के कारण मुझे हेलीकॉप्टर ज्यायराइड का मौका मिला काफी रोमांचित हूँ मुझे बहुत खुशी हो रही है आगे की पढ़ाई बहुत मन लगाकर करूंगी ताकी भविष्य में भी मेरिट सूची में जगह मिले और ऐसे ही ज्यायराइड का मौका मिले।

### स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किया हेलीकॉप्टर जॉयराइड

उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं में 49 और कक्षा 12वीं में 30 छात्र-छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजाति के अपने-अपने वर्ग में 10 वी पांच और 12 वी के पांच सहित कुल 10 बच्चों ने टॉप किया इन बच्चों को कराया गया।गतवर्ष भी 2022 में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त 125 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वादे के अनुरूप हेलीकॉप्टर में जॉय राईडिंग करायी गई थी।

# छग उच्च न्यायालय में सोमवार से नए रोस्टर सिस्टम के माध्यम से होगी सुनवाई

**रायपुर, 10 जून 2023(ए)।** 12 जून सोमवार से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई नये रोस्टर सिस्टम से होगा। इसके तहत तीन डिवीजन और 15 सिंगल बेंच में जज मामलों की सुनवाई करेंगे। 05 स्पेशल बेंच का भी गठन किया गया है। यह बेंच दिन विशेष में सुनवाई करेगी।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के निर्देश पर जारी नए रोस्टर के अनुसार, पहला डिवीजन बेंच चीफजस्टिस व जस्टिस राकेश मोहन पांडेय का होगा। इसमें रिट याचिका सिविल, रिट याचिका सर्विस वर्ष 2023 के मामले, जनहित याचिका, वर्ष 2023 के पहले के रिट अपील, बंदी प्रत्यक्षीकरण, क्रिमिनल अपील से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करेंगे। दूसरा डिवीजन बेंच जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल का होगा। इसमें टैक्स से संबंधित रिट अपील, कमर्शियल डिवीजन बेंच, डिवीजन बेंच में सुने जाने वाले सिविल के मामले, कंपनी अपील और वर्ष 2020-21 के क्रिमिनल अपील से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करेंगे। तीसरी डिवीजन बेंच जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस अरविंद चंदेल का होगा। इसमें डिवीजन बेंच में सुने जाने वाले सभी प्रकार के क्रिमिनल अपील, वर्ष 2022 के रिट अपील, डिवीजन बेंच में सुने जाने वाले सभी रिट मामलों की सुनवाई होगी।



### 15 सिंगल बेंच में प्रतिदिन होगी याचिकाओं की सुनवाई :

इसके अलावा 15 सिंगल बेंच में प्रतिदिन याचिकाओं की सुनवाई होगी। पहला सिंगल बेंच चीफ जस्टिस का होगा। इसमें आब्रिट्रेशन एक्ट से संबंधित याचिका की सुनवाई करेंगे। स्पेशल बेंच सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को दोपहर दो बजकर 15 से लगेगी। दूसरा स्पेशल बेंच जस्टिस गौतम भादुड़ी का होगा। इसमें वर्ष 2006 से लेकर अब तक के रिट याचिकाओं की सुनवाई करेंगे। तीसरा स्पेशल बेंच जस्टिस संजय के अग्रवाल का होगा। इसमें वर्ष 2020 के सिविल रिवीजन से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस पी सैम कोशी के सिंगल बेंच में वर्ष 2018 से लंबित रिट याचिकाओं की सुनवाई होगी। जस्टिस संजय अग्रवाल के सिंगल बेंच में द्वितीय अपील, प्रथम अपील, ट्रांसफर याचिका सिविल की सुनवाई होगी।

### हर शुक्रवार को विशेष बेंच की सुनवाई :

इसके साथ ही जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के सिंगल बेंच में वर्ष 2012 से लंबित क्रिमिनल रिविजन से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होगी। हर शुक्रवार को विशेष बेंच में भी सुनवाई करेंगे। जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में वर्ष 2019 से लंबित रिट याचिका सर्विस से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होगी। जस्टिस रजनी दुबे के सिंगल बेंच में वर्ष 2013 से लंबित क्रिमिनल रिवीजन, ट्रांसफर याचिका क्रिमिनल, क्रिमिनल रिफरेंस से संबंधित याचिका की सुनवाई होगी। जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में सीआरपीसी की धारा 438 के तहत जमानत आवेदन, वर्ष 2017 से लंबित रिट याचिका की सुनवाई होगी। जस्टिस एनके चंद्रवंशी के सिंगल बेंच में वर्ष 2018 से लंबित रिट याचिका सर्विस, सभी रिट याचिका की सुनवाई होगी।



# नक्सलियों के खिलाफ चलेगा ज्वाइंट ऑपरेशन

**7 लीडर माओवादी टारगेट पर**

**रायपुर, 10 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों में बढ़ते नक्सल घटनाओं को देखते हुए सरकार एक्शन मोड पर है। पुलिस के आला अधिकारियों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर शनिवार को राजधानी रायपुर के पुलिस मुख्यालय में बड़ी बैठक हुई। इसमें मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है। यह बैठक आईबी के एडिशनल डायरेक्टर रित्विक रुद्रा ने ली। बैठक में छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के बाद बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि, नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का मास्टर प्लान तैयार हो गया है। माओवादी क्षेत्र के टॉप लीडरों की सूची बनाई गई है। अब वांटेड माओवादी लीडरों का सफाया करने की तैयारी है। इसमें पीएलजीए बटालियन या कंपनी के 6 से 7 लीडर माओवादी टारगेट पर है।

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ समेत तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओड़ीशा में नक्सलियों ने अपनी गहरी पैठजामा रखी है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इन चारों राज्यों में फैले नक्सली एकजुट होते हैं। इसी मुद्दे को लेकर चारों राज्यों की नक्सल समस्या पर मंथन चल रहा है, जिसमें अगले कुछ महीने में नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन तेज किए जा सकते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही नक्सलियों के खिलाफ इन चार राज्यों में बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों में इसे लेकर सहमति बन रही है। यह चारों राज्य मिलकर नक्सलियों के खिलाफ एक साथ हैं संयुक्त अभियान चलाएंगे।

सुकमा और बीजापुर नक्सलियों का कोर हिस्सा माना जाता है। यहां से ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित इलाका जुड़ा हुआ है। कोई भी राज्य ऑपरेशन शुरू करता है तो नक्सली दूसरे राज्य के जंगलों में छिप जाते हैं।

# प्रदेश में खुलेंगे 15 नए कॉलेज, 400 से ज्यादा पदों पर होगी भर्ती, आदेश जारी

**रायपुर, 10 जून 2023(ए)।** सीएम भूपेश बघेल ने इस वर्ष बजट में 15 नए कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप प्रदेश में जल्द ही 15 नए कॉलेज खोले जायेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने 15 नये कॉलेजों के लिए पदों का सृजन कर दिया है। इन कॉलेजों के लिए 495 नये पदों पर भर्ती किया जायेगा। जिस पर नियुक्ति नये कॉलेज के अस्तित्व में आने के बाद किया जायेगा। जिन जगहों पर कॉलेज खुलना है, उसमें बालोद में एक, बलरामपुर में 2, कोंडागांव में 1, बीजापुर में 1, नारायणपुर में 1, सरगुजा में 1, कोरिया में 1, बस्तर में 1, बेमेतरा में 3, जांजगीर में 1 और राजनांदगांव में 2 कॉलेज खुलेंगे। इन कालेजों के लिए 1-1 प्रचार्य के पद के अलावा 180 असिस्टेंट प्रोफेसर सहित कुल 495 पदों पर भर्तियां होगी। जिसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।




# भाजपा आदिवासी विरोधी भी है और जनविरोधी भी-नंद कुमार साय

**रायपुर, 10 जून 2023(ए)।** चुनाव के करीब आते-आते कांग्रेस और भाजपा में जुबानी जंग तेज हो गई है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए नंद कुमार साय ने आरोप लगाते हुए भाजपा का तानाशाह बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा तानाशाह रवैये से चल रही है। इसी के साथ ही उन्होंने भाजपा में वापस नहीं जाने की बात कही है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने नंद कुमार साय का बयान ट्वीट कर उनके हवाले से बताया कि भाजपा तानाशाह रवैये से चल रही है। भाजपा आदिवासी विरोधी होने के साथ-साथ जनविरोधी भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में व्यक्ति मजबूत हो रहे हैं, पार्टी कमजोर हो रही है।



# 13 को रोजगार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**रायपुर, 10 जून 2023 (ए)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 13 जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन पुराना पुलिस मुख्यालय सिविल लाईन में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से अनेक संस्थानों द्वारा भर्ती की जाएगी। कैम्प में 12 वीं, स्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा, इंजीनियरिंग शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भर्ती किए जाने वाले पदों में इंजीनियर, क्लस्टर हेड, सेल्स मैनेजन, टेंक्निशयन, ड्राइवर, डिलीवरी बाय, एंकाउटेंट, रिशेप्सनीस्ट, आपरेशन हेड, डिजिटल मैनेजर, टेलीकालर, हिन्दी टायपिस्ट, विडियो एडिटर इत्यादि 129 पद शामिल है। इन पदों पर अनुभव न्यूनतम 01 वर्ष से 20 वर्ष तक होगी जिनका वेतन अधिकतम 45 हजार रूपए होगी।




# सीएम बघेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं के खाते में ट्रांसफर किए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये

» मुख्यमंत्री के इस कार्य से छात्राओं का आत्मबल मजबूत हुआ

» गरीब छात्र इतने रूपए पाकर हुए गद्गद

**रायपुर, 10 जून 2023 (ए)।।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को डेढ़-डेढ़ लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आर्थिक रूप से पिछड़े व कमजोर वर्ग को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजातियों-अबूझमाड़िया, बैंगा, बिरहोर, कमार और पहाड़ी कोरवा के हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। इन सभी विद्यार्थियों को भी डेढ़-डेढ़ लाख रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बच्चों से कहा कि आपने अपनी मेहनत और लगन तथा प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। जब हम कोई लक्ष्य हासिल करते है तो समाज और परिवार में सम्मान बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को सीख देते हुए कहा कि सफलता से आपके व्यवहार में बदलाव नहीं आना चाहिए। सफलता पर गर्व करें, घमण्ड नहीं, विनम्र बनें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशी की बात है कि प्रावीण्य सूची में अधिकतर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल के ग्रामीण परिवेश से है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में शिक्षा का वातावरण बनाया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। जिनकी गुणवत्ता इतनी अच्छी है कि आज बच्चे पहले स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश लेना चाहते है बाद में निजी स्कूल में। राजधानी रायपुर के आर.डी. तिवारी स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या 56 थी। इस स्कूल में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने के बाद अब यहां बच्चों की दर्ज संख्या बढ़कर लगभग 1000 हो गई है। प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूलों में सीटों की संख्या से कई गुना ज्यादा आवेदन प्रवेश के लिए मिल रहे है। हमारी सरकार ने स्कूल, छात्रावास-आश्रम का जीर्णोद्धार, स्कूल में कमरों और भवन का निर्माण कराने के लिए योजना बनाई है। इसके अलावा स्कूलों की पोताई प्राकृतिक पेंट से करने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रारंभ किए गए 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) में वाई-फाई सुविधा प्रारंभ की गई है ताकि ग्रामीण बच्चों को पढ़ाई के लिए नेट की सुविधा असानी से मिल सके। बिलासपुर के ग्राम बेलटुकरी के रीपा से इसकी शुरूआत की गई। धमतरी जिले के एक रीपा में बच्चों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए सुकमा, कांकेर जैसे दूरस्थ जिलों में ई-लाईब्रेरी प्रारंभ की गई है। नक्सलियों द्वारा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा के स्कूलों को क्षतिग्रस्त किया गया था ऐसे 300 स्कूल वर्षो बाद पुनः प्रारंभ किए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोरोना काल में शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में किए गए नवाचारों की चर्चा देश भर में रही।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ में मेधावी छात्र-छात्राओं को हेलीकॉप्टर जॉय रायडिंग का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री की यह पहल पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। डॉ. टेकाम ने कहा कि आप सबके हौसले कम नहीं होने चाहिए। आने वाले समय में और चुनौतियां सामने आएंगी। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब हम पढ़ते थे तब इतनी सुविधाएं नही थी, जो आप लोगों को मिल रही है। उन्होंने लगन और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2023 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 78 छात्र-छात्राओं में से कक्षा 10वीं के 48 और कक्षा 12वीं के 30 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

इस वर्ष स्वामी आत्मानंद विद्यालय के हाईस्कूल के 11 एवं हायर सेकेण्डरी के 8 विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। स्वागत भाषण स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन ने दिया। स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। समारोह में बालोद जिले के ग्राम घुमका की छात्रा नरगिस खान को भी सम्मानित किया गया। नरगिस खान कक्षा सातवीं की छात्रा है उन्हें विशेष अनुमति से दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी गई थी। नरगिस ने बोर्ड परीक्षा में 90.50 प्रतिशत अंक हासिल किए है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)